प्रकाशक :

देवेन्द्रराज मेहता
सचिव, प्राकृत भारती अकादमी
जयपुर

☐

द्वितीय संस्करण : 1987

☐

मूल्य : सजिल्द २५.००; अजिल्द १८.००

☐

☐

प्राप्ति-स्थान :

प्राकृत भारती अकादमी
3826, यति श्यामलालजी का उपाश्रय
मोतीसिंह भोमियों का रास्ता
जयपुर–302003 (राजस्थान)

☐

एम. एल. प्रिण्टर्स, जोधपुर

Āchārānga Chayamikā/Philosophy
Kamal Chand Sogani/Udaipur/1987.

अहिंसा–समता

के

माध्यम

से

जन-जन को जगाने वाले

आचार्यों

को

सादर समर्पित

अनुक्रमणिका

प्रकाशकीय

प्राकृत भारती अकादमी के 23 वें पुष्प के रूप में 'आचारांग-चयनिका' का द्वितीय संस्करण पाठकों के कर-कमलों में समर्पित करते हुए प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। प्राकृत भाषा में रचित आगम-साहित्य विशाल है। भारतीय जन-जीवन और संस्कृति के प्रवाह को समझने के लिए इसका अध्ययन महत्त्वपूर्ण है। अहिंसा और समता के आधार पर व्यक्ति और समाज के उत्थान के लिए इसका मार्ग-दर्शन अनूठा है। ऐसा साहित्य सर्वसाधारण के लिए सुलभ हो सके, इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही दर्शन के विद्वान् डॉ. कमलचन्द सोगाणी ने आगमों की चयनिकाएँ तैयार की हैं। इन चयनिकाओं में से सर्व प्रथम 'आचारांग-चयनिका' प्रकाशित की जा रही है। इसमें आचारांग से चयनित सूत्र, उनका मूलानुगामी हिन्दी अनुवाद और उनका व्याकरणिक-विश्लेपण प्रस्तुत किया गया है। इस तरह पाठकों को विभिन्न प्रकार से इसका लाभ मिल सकेगा। शीघ्र ही उत्तराध्ययन-चयनिका और दशवैकालिक-चयनिका प्राकृत भारती से प्रकाशित होगी। सम्भवतया आगम-चयनिकाओं का अध्ययन वृहदाकार आगमों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत कर सकेगा। प्राकृत भारती अकादमी का विश्वास है कि आगमों के अध्ययन को सुलभ बनाने से व्यक्ति में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति निष्ठा उत्पन्न हो सकेगी और समाज में एक नयी चेतना का उदय हो सकेगा।

अकादमी के संयुक्त सचिव एवं निदेशक तथा जैन विद्या के प्रकांड विद्वान् महोपाध्याय श्री विनयसागरजी के आभारी हैं, जिनके सतत प्रयत्न से यह पुस्तक शोभन रूप में प्रकाशित हो रही है।

प्रूफ संशोधन के लिए डॉ. सुषमा गांग एवं पुस्तक की सुन्दर छपाई के लिए अकादमी एम. एल. प्रिण्टर्स, जोधपुर के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करता है।

देवेन्द्रराज मेहता
सचिव

राजरूप टांक
अध्यक्ष

प्राक्कथन

गरिणपिटक को ही द्वादशांगी कहते हैं। द्वादशांनी में वारहवां अंग दृष्टिवाद विलुप्त/विच्छिन्न होने से अंग-प्रविष्ट आगमों में एकादशांग ही माने गये हैं। ग्यारह अंगों में भी आचारांग का सर्वप्रथम स्थान है। आचारांग-सूत्र आचार-प्रधान आगम होते हुए भी गूढ़ आत्म-दर्शनात्मक और अध्यात्म-प्रधान भी है।

श्रमरण-जीवन की मूल भित्ति भी आचार ही है, श्रमण-जीवन की साधना भी आचार पर ही निर्भर है और संघीय व्यवस्था भी आचार पर ही अवलम्बित है। यही कारण है कि आचार की अतिशय महत्ता का प्रतिपादन करते हुए आचारांग के चूरिणकार[1] और वृत्तिकार[2] लिखते हैं कि "अतीत, वर्त्तमान और भविष्य में जितने भी तीर्थंकर हुए हैं, विद्यमान हैं और होंगे, उन सभी ने सर्वप्रथम आचार का ही उपदेश दिया है, देते हैं और देंगे।"

आचारांग निर्युक्तिकार[3] आचार को ही सिद्धिसोपान/अव्यावाध सुख की भूमिका मानते हुए प्रश्नोत्तरात्मक शैली में कहते हैं कि, "अंग सूत्रों का सार आचार है, आचार का सार अनुयोगार्थ है, अनुयोगार्थ का सार प्ररूपणा है, प्ररूपणा का सार सम्यक् चारित्र है, सम्यक् चारित्र का सार निर्वाण है और निर्वाण का सार अव्यावाध सुख है।"

निर्युक्तिकार[4] के मतानुसार आचारांग के पर्यायवाची दश नाम प्राप्त होते हैं—1. आयार, 2. आचाल, 3, आगाल, 4. आगर, 5. आसास, 2. आयरिस, 7. अंग, 8. आइण्ण, 9. आजाइ और 10. आमोक्ख।

आचारांग सूत्र दो श्रुतस्कन्धों में विभक्त है। प्रथम श्रुतस्कन्ध में अनेक उद्देशकों सहित 9 अध्ययन हैं और द्वितीय श्रुतस्कन्ध में चार चूलिकाओं

---

1. चूर्णि पृष्ठ 3
2. शीलांक टीका पृष्ठ 6
3. गाथा 16–17
4. गाथा 290

सहित 16 अध्ययन हैं। रचना गद्य और पद्य में होते हुए भी गद्य:बहुल है। भाषा-शास्त्र की दृष्टि से प्रथम श्रुतस्कन्ध प्राचीनतम है और द्वितीय श्रुतस्कन्ध कुछ परवर्तीकाल का है।

आचारांग सूत्र का आरम्भ ही आत्म-जिज्ञासा से होता है। इसमें आत्म-दृष्टि, अहिंसा, समता, वैराग्य, अप्रमाद, अनासक्ति, निस्पृहता, निस्संगता, सहिष्णुता, अचेलत्व, ध्यानसिद्धि, उत्कृष्ट संयम-साधना, तप की आराधना, मानसिक पवित्रता और आत्मशुद्धि-मूलक पवित्र जीवन का विस्तार से प्रति-पादन किया गया है। इसके साथ ही इसमें श्रमण भगवान् महावीर के छद्मस्थ काल की उच्चतम जीवन/संयम साधना के वे विलुप्त अंग भी प्राप्त होते हैं जो आगम-साहित्य में अन्यत्र कहीं भी प्राप्त नहीं हैं। इस ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषयों का अवलोकन करने पर यह निःसंदेह कहा जा सकता है कि यदि साधनामय तपोपूत जीवन जीने की कला का शिक्षण प्राप्त करना हो तो साधक इस आगम ग्रन्थ-का अध्ययन अवश्यमेव करे।

आचारांगसूत्र प्राकृत भाषा में होने के साथ-साथ दुरूह एवं विशाल भी है। इसका संस्कृत और हिन्दी आदि भाषात्मक व्याख्या साहित्य भी बृहदाकार होने से सामान्य पाठकों/जिज्ञासुओं के लिये इस आगम-ग्रन्थ का अध्ययन और रहस्य को समझ पाना अत्यन्त दुरूह नहीं होने पर भी कठिन तो अवश्य ही है।

प्राकृत भाषा के सामान्य अभ्यासी अथवा अनभिज्ञ पाठक भी आचारांग सूत्र की महत्ता, इसमें प्रतिपादित जीवन के शाश्वत मूल्यों एवं आत्म-विकासोन्मुखी प्रमुख-प्रमुख विशेषताओं को हृदयंगम कर सकें, जीवन-साधना के पवित्र रहस्य तथा इसके प्रत्येक पहलुओं को समझ सकें, इसी भावना के वशीभूत होकर डॉ. कमलचन्दजी सोगाणी ने इस चयनिका का संकलन/निर्माण किया है।

प्रस्तुत चयनिका में आचारांगसूत्र के विशाल कलेवर में से वैशिष्ट्यपूर्ण केवल एक सौ उनतीस सूत्रों का चयन है और साथ ही प्रत्येक सूत्र का व्याकरण

की दृष्टि से शाब्दिक हिन्दी अनुवाद भी। व्याकरणिक विश्लेषण में लेखक ने प्राकृत व्याकरण को दृष्टिपथ में रखते हुए प्रत्येक शब्द का मूल रूप, अर्थ और विभक्ति आदि का जिस पद्धति से आलेखन/परीक्षण किया है वह उनकी स्वयं की अनोखी शैली का परिचायक है। इस शैली से अध्ययन करने पर सामान्य पाठक/जिज्ञासु भी प्राकृत भाषा का सामान्य स्वरूप और प्रतिपाद्य विषय का हार्द सहज भाव से समझ सकता है।

इस प्रशस्य और सफल प्रयास के लिये मेरे सन्मित्र डॉ. सोगाणी साधुवादार्ह हैं। मेरी मान्यता है कि इनकी यह शैली अनुवाद-विधा में एक नया आयाम अवश्य ही स्थापित करेगी।

आषाढ़ी पूर्णिमा, सं. 2040 — म. विनयसागर

जयपुर

प्रस्तावना

यह सर्व विदित है कि मनुष्य अपनी प्रारम्भिक अवस्था से ही रंगों को देखता है, ध्वनियों को सुनता है, स्पर्शों का अनुभव करता है, स्वादों को चखता है तथा गन्धों को ग्रहण करता है। इस तरह उसकी सभी इन्द्रियाँ सक्रिय होती हैं। वह जानता है कि उसके चारों ओर पहाड़ हैं, तालाव हैं, वृक्ष हैं, मकान हैं, मिट्टी के टीले हैं, पत्थर हैं इत्यादि। आकाश में वह सूर्य, चन्द्रमा और तारों को देखता है। ये सभी वस्तुएँ उसके तथ्यात्मक जगत् का निर्माण करती हैं। इस प्रकार वह विविध वस्तुओं के बीच अपने को पाता है। उन्हीं वस्तुओं से वह भोजन, पानी, हवा आदि प्राप्त कर अपना जीवन चलाता है। उन वस्तुओं का उपयोग अपने लिए करने के कारण वह वस्तु-जगत् का एक प्रकार से सम्राट् वन जाता है। अपनी विविध इच्छाओं की तृप्ति भी वहुत सीमा तक वह वस्तु-जगत् से ही कर लेता है। यह मनुष्य की चेतना का एक आयाम है।

धीरे-धीरे मनुष्य की चेतना एक नया मोड़ लेती है। मनुष्य समझने लगता है कि इस जगत् में उसके जैसे दूसरे मनुष्य भी हैं, जो उसकी तरह हँसते हैं, रोते हैं, सुखी-दुःखी होते हैं। वे उसकी तरह विचारों, भावनाओं और क्रियाओं की अभिव्यक्ति करते हैं। चूँकि मनुष्य अपने चारों ओर की वस्तुओं का उपयोग अपने लिए करने का अभ्यस्त होता है, अतः वह अपनी इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर

मनुष्यों का उपयोग भी अपनी आकांक्षाओं और आशाओं की पूर्ति के लिए ही करता है। वह चाहने लगता है कि सभी उसी के लिए जीएँ। उसकी निगाह में दूसरे मनुष्य वस्तुओं से अधिक कुछ नहीं होते हैं। किन्तु, उसकी यह प्रवृत्ति वहुत समय तक चल नहीं पाती है। इसका कारण स्पष्ट है। दूसरे मनुष्य भी इसी प्रकार की प्रवृत्ति में रत होते हैं। इसके फलस्वरूप उनमें शक्ति-वृद्धि की महत्वाकांक्षा का उदय होता है। जो मनुष्य शक्ति-वृद्धि में सफल होता है, वह दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में समर्थ हो जाता है। पर मनुष्य की यह स्थिति घोर तनाव की स्थिति होती है। अधिकांश मनुष्य जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इस तनाव की स्थिति में से गुजर चुके होते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह तनाव लम्बे समय तक मनुष्य के लिए असहनीय होता है। इस असहनीय तनाव के साथ-साथ मनुष्य कभी न कभी दूसरे मनुष्यों का वस्तुओं की तरह उपयोग करने में असफल हो जाता है। ये क्षण उसके पुनर्विचार के क्षण होते हैं। वह गहराई से मनुष्य-प्रकृति के विषय में सोचना प्रारम्भ करता है, जिसके फलस्वरूप उसमें सहसा प्रत्येक मनुष्य के लिए सम्मान-भाव का उदय होता है। वह अव मनुष्य-मनुष्य की समानता और उसकी स्वतन्त्रता का पोषक वनने लगता है। वह अव उनका अपने लिए उपयोग करने के वजाय अपना उपयोग उनके लिए करना चाहता है। वह उनका शोषण करने के स्थान पर उनके विकास के लिए चिंतन प्रारम्भ करता है। वह स्व-उदय के वजाय सर्वोदय का इच्छुक हो जाता है। वह सेवा लेने के स्थान पर सेवा करने को महत्त्व देने लगता है। उसकी यह प्रवृत्ति उसे तनाव से मुक्त कर देती है और वह एक प्रकार से विशिष्ट व्यक्ति वन जाता है। उसमें एक असाधारण अनुभूति का जन्म होता है। इस अनुभूति को ही हम मूल्यों की अनुभूति कहते हैं। वह अब वस्तु-जगत् में जीते

हुए भी मूल्य-जगत् में जीने लगता है। उसका मूल्य-जगत् में जीना धीरे-धीरे गहराई की ओर बढ़ता जाता है। वह अब मानव-मूल्यों की खोज में संलग्न हो जाता है। वह मूल्यों के लिए ही जीता है और समाज में उसकी अनुभूति बढ़े इसके लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है। यह मनुष्य की चेतना का एक दूसरा आयाम है।

आचारांग में मुख्य रूप से मूल्यात्मक चेतना की सबल अभिव्यक्ति हुई है। इसका प्रमुख उद्देश्य अहिंसात्मक समाज का निर्माण करने के लिए व्यक्ति को प्रेरित करना है, जिससे समाज में समता के आधार पर सुख, शान्ति और समृद्धि के बीज अंकुरित हो सकें। अज्ञान के कारण मनुष्य हिंसात्मक प्रवृत्तियों के द्वारा श्रेष्ठ उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील होता है। वह हिंसा के दूरगामी कुप्रभावों को, जो उसके और समाज के जीवन को विकृत करते हैं, नहीं देख पाता है। किसी भी कारण से की गई हिंसा आचारांग को मान्य नहीं है। हिंसा के साथ ताल-मेल आचारांग की दृष्टि में हेय है। वह व्यावहारिक जीवन की विवशता हो सकती है, पर वह उपादेय नहीं हो सकती। हिंसा का अर्थ केवल किसी को प्राण-विहीन करना ही नहीं है, किन्तु किसी भी प्राणी की स्वतन्त्रता का किसी भी रूप में हनन हिंसा के अर्थ में ही सिमट जाता है। इसीलिए आचारांग में कहा है कि किसी भी प्राणी को मत मारो, उस पर शासन मत करो, उसको गुलाम मत बनाओ, उसको मत सताओ और उसे अशान्त मत करो। धर्म तो प्राणियों के प्रति समता-भाव में ही होता है। मेरा विश्वास है कि हिंसा का इतना सूक्ष्म विवेचन विश्व-साहित्य में कठिनाई से ही मिलेगा। समता की भूमिका पर हिंसा-अहिंसा के इतने विश्लेषण एवं विवेचन के कारण ही आचारांग को विश्व-साहित्य में सर्वोपरि स्थान दिया जा सकता है। आचारांग की

घोषणा है कि प्राणियों के विकास में अन्तर होने के कारण किसी भी प्रकार के प्राणी के अस्तित्व को नकारना अपने ही अस्तित्व को नकारना है। प्राणी विविध प्रकार के होते हैं : एकेन्द्रिय, द्विन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय। इन सभी प्राणियों को जीवन प्रिय होता है, इन सभी के लिए दुःख अप्रिय होता है। आचारांग ने हिंसा-अहिंसा का विवेचन प्राणियों के सूक्ष्म निरीक्षण के आधार पर प्रस्तुत किया है, जो मेरी दृष्टि में एक विलक्षण प्रतिपादन है। ऐसा लगता है कि आचारांग मनुष्यों की संवेदनशीलता को गहरी करना चाहता है, जिससे मनुष्य एक ऐसे समाज का निर्माण कर सके जिसमें शोषण, अराजकता, नियमहीनता, अशान्ति और आपसी संबंधों में तनाव विद्यमान न रहे। मनुष्य अपने दुःखों को तो अनुभव कर ही लेता है, पर दूसरों के दुःखों के प्रति वह संवेदनशील प्रायः नहीं हो पाता है। यही हिंसा का मूल है। जब दूसरों के दुःख हमें अपने जैसे लगने लगें, जब दूसरों की चीख हमें अपनी चीख के समान मालूम हो, तो ही अहिंसा का प्रारम्भ हो सकता है। मनुष्य को अपने सार्वकालिक सूक्ष्म अस्तित्व में सन्देह न रहे, इस बात को समझाने के लिए पूर्वजन्म और पुनर्जन्म के सिद्धान्त से ही ग्रंथ का आरम्भ किया गया है। अपने सूक्ष्म अस्तित्व में सन्देह नैतिक-आध्यात्मिक मूल्यों को ही सन्देहात्मक बना देगा, जिससे व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन की आधारशिला ही गड़बड़ा जायगी। इसीलिए आचारांग ने सर्वप्रथम स्व-अस्तित्व एवं प्राणियों के अस्तित्व के साथ क्रियाओं एवं उनसे उत्पन्न प्रभावों में विश्वास उत्पन्न किया है। ये सभी व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन को वास्तविकता प्रदान करते हैं और इनके आधार पर ही मूल्यों की चर्चा सम्भव बन पाती है।

आचारांग में 323 सूत्र हैं, जो नौ[1] अध्ययनों में विभक्त हैं। इन विभिन्न अध्ययनों में जीवन-विकास के सूत्र बिखरे पड़े हैं। यहां मानववाद पूर्णरूप से प्रतिष्ठित है। आध्यात्मिक जीवन के लिए प्रेरणाएँ यहां उपलब्ध हैं। मूर्च्छा, प्रमाद, और ममत्व जीवन को दुःखी करने वाले कहे गए हैं। वस्तु-त्याग के स्थान पर ममत्व-त्याग को आचारांग में महत्त्व दिया गया है। वस्तु-त्याग, ममत्व-त्याग से प्रतिफलित होना चाहिये। आध्यात्मिक-जागृति मूल्यवान् कही गई है, जिसके फलस्वरूप मनुष्य मान-अपमान, लाभ-हानि आदि द्वन्द्वों की निरर्थकता को समझ सकता है। अहिंसा, सत्य और समता के ग्रहण को प्रमुख स्थान दिया गया है। बुद्धि और तर्क जीवन के लिए अत्यन्त उपयोगी होते हुए भी, आध्यात्मिक अनुभव इनकी पकड़ से बाहर प्रतिपादित हैं। साधनामय मरण की प्रेरणा सूत्रों में व्याप्त है। आचारांग में भगवान् महावीर की साधना का ओजस्वी वर्णन किसी भी साधक के लिए मार्ग-दर्शक हो सकता है। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि आचारांग की रचना-शैली और विषय की गम्भीरता को देखते हुए यह कहा गया है कि आचारांग उपलब्ध आगमों में सबसे प्राचीन है। "आचारांग आगम-साहित्य में सर्वाधिक प्राचीन है। उसमें वर्णित आचार मूलभूत है और वह महावीर युग के अधिक सन्निकट है।"[2]

आचारांग के इन 323 सूत्रों में से ही हमने 129 सूत्रों का चयन 'आचारांग चयनिका' शीर्षक के अन्तर्गत किया है। इस चयन का उद्देश्य पाठकों के समक्ष आचारांग के उन कुछ सूत्रों को प्रस्तुत करना है, जो मनुष्यों में अहिंसा, सत्य, समता और जागृति

---

1. वर्तमान में 8 अध्ययन ही प्राप्त हैं, 7वाँ अध्ययन अनुपलब्ध है।
2. जैन आगम-साहित्य : मनन और मीमांसा, पृष्ठ, 60.

(अनासक्ति) की मूल्यात्मक भावना को दृढ़ कर सकें, जिससे उनमें नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की चेतना सघन बन सके। अब हम इस चयनिका की विषय-वस्तु की चर्चा करेंगे।

पूर्वजन्म और पुनर्जन्म :

मनुष्य समय-समय पर मनुष्यों को मरते हुए देखता है। कभी न कभी उसके मन में स्व-अस्तित्व की निरन्तरता का प्रश्न उपस्थित हो ही जाता है। जीवन के गम्भीर क्षणों में यह प्रश्न उसके मानस-पटल पर गहराई से अंकित होता है। अतः स्व-अस्तित्व का प्रश्न मनुष्य का मूलभूत प्रश्न है। आचारांग ने सर्वप्रथम इसी प्रश्न से चिन्तन प्रारम्भ किया है। आचारांग का यह विश्वास प्रतीत होता है कि इस प्रश्न के समाधान के पश्चात् ही मनुष्य स्थिर मन से अपने विकास की बातों की ओर ध्यान दे सकता है। यदि स्व-अस्तित्व ही त्रिकालिक नहीं है तो मूल्यात्मक विकास का क्या प्रयोजन ? स्व-अस्तित्व में आस्था उत्पन्न करने के लिए आचारांग पूर्वजन्म-पुनर्जन्म की चर्चा से शुरू होता है। आचारांग का कहना है कि यहाँ कुछ मनुष्यों में यह होश नहीं होता है कि वे अमुक दिशा से इस लोक में आए हैं (1)। वे यह भी नहीं जानते हैं कि वे आगामी जन्म में किस अवस्था को प्राप्त करेंगे (1) ? यहाँ प्रश्न यह है कि क्या स्व-अस्तित्व की निरन्तरता का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है ? कुछ लोग तो पूर्वजन्म में स्व-अस्तित्व का ज्ञान अपनी स्मृति के माध्यम से कर लेते हैं। कुछ दूसरे लोग अतीन्द्रिय ज्ञानियों के कथन से इसको जान पाते हैं तथा कुछ और लोग उन लोगों से जान लेते हैं जो अतीन्द्रिय ज्ञानियों के सम्पर्क में आए हैं (2) इस तरह से पूर्वजन्म में स्व-अस्तित्व का ज्ञान स्वयं के देखने से अथवा अतीन्द्रिय ज्ञानियों के देखने से होता है। पूर्व जन्मों के ज्ञान से ही पुनर्जन्म के होने का विश्वास उत्पन्न हो सकता है। आचारांग ने पुनर्जन्म में

विश्वास को पूर्व जन्म के ज्ञान पर आश्रित किया है। ऐसा लगता है कि महावीर-युग में व्यक्ति को पूर्वजन्म की स्मृति में उतारने की क्रिया वर्तमान थी और यह आध्यात्मिक उत्थान के प्रति जागृति का सबल माध्यम था। जन्मों-जन्मों में स्व-अस्तित्व के होने में विश्वास करने वाला ही आचारांग की दृष्टि में आत्मा को मानने वाला होता है। जन्मों-जन्मों पर विश्वास से देश-काल में तथा पुद्‌गलात्मक लोक में विश्वास उत्पन्न होता है। इसी से मन-वचन-काय की क्रियाओं और उनसे उत्पन्न प्रभावों को स्वीकार किया जाता है। आचारांग का कहना है कि जो मनुष्य पूर्वजन्म और पुनर्जन्म को समझ लेता है वह ही व्यक्ति आत्मवादी, लोकवादी, कर्मवादी और क्रियावादी कहा गया है (3)। इसी आधार पर समाज में नैतिक-आध्यात्मिक मूल्यों का भवन खड़ा किया जा सकता है और सामाजिक उत्थान को वास्तविक बनाया जा सकता है।

क्रियाओं की विपरीतता :

आचारांग इस बात पर खेद व्यक्त करता है कि मनुष्य के द्वारा मन-वचन-काय की क्रिया की सही दिशा समझी हुई नहीं है। इसीलिए उनसे उत्पन्न कुप्रभावों के कारण वह थका देने वाले एक जन्म से दूसरे जन्म में चलता जाता है और अनेक प्रकार की योनियों में सुखों-दुःखों का अनुभव करता रहता है (4)। मनुष्य की क्रियाओं के प्रयोजनों का विश्लेषण करते हुए आचारांग का कहना है कि मनुष्य के द्वारा मन-वचन-काय की क्रियाएँ जिन प्रयोजनों से की जाती हैं वे हैं: (i) वर्तमान जीवन की रक्षा के प्रयोजन से, (ii) प्रशंसा, आदर तथा पूजा पाने के प्रयोजन से, (iii) भावी-जन्म की उधेड़-बुन के कारण, वर्तमान में मरण-भय के कारण तथा परम शान्ति प्राप्त करने तथा दुःखों को दूर करने के प्रयोजन से (5, 6)। जिसने क्रियाओं के इतने शुरुआत जान लिए हैं उसने ही क्रियाओं

का ज्ञान प्राप्त किया है (7)। किन्तु दुःख की वात यह है कि मनुष्य इन विभिन्न प्रयोजनों की प्राप्ति के लिए विभिन्न जीवों की हिंसा करता है, उनकी हिंसा करवाता है तथा उनकी हिंसा करने वालों का अनुमोदन करता है (8 से 15)। आचारांग का कहना है कि क्रियाओं की यह विपरीतता जो हिंसा में प्रकट होती है मनुष्य के अहित के लिए होती है, वह उसके अध्यात्महीन वने रहने का कारण होती है (8 से 15) यह हिंसा-कार्य निश्चित ही वन्धन में डालने वाला है, मूर्च्छा में पटकने वाला है, और अमंगल में धकेलने वाला है (16)। अतः क्रियाओं की विपरीतता का माप-दण्ड है, हिंसा। जा क्रिया हिंसात्मक है वह विपरीत है। यहां हिंसा को व्यापक अर्थ में समझा जाना चाहिए। किसी प्राणी को मारना, उसको गुलाम वनाना, उस.पर शासन करना आदि सभी क्रियाएँ हिंसात्मक हैं (72)। जव मन-वचन-काय की क्रियाओं की विपरीतता समाप्त होती हैं, तव मनुष्य न तो विभिन्न जीवों की हिंसा करता है, न हिंसा करवाता है और न ही हिंसा करने वालों का अनुमोदन करता है (17)। उसके जीवन में अहिंसा प्रकट हो जाती है अर्थात् न वह प्राणियों को मारता है, न उन पर शासन करता है, न उनको गुलाम बनाता है, न उनको सताता है और न ही उन्हें कभी किसी प्रकार से अशान्त करता है (72)। अतः कहा जा सकता है कि यदि क्रियाओं की विपरीतता का मापदण्ड हिंसा है तो उनकी उचितता का मापदण्ड अहिंसा होगा। जिसने भी हिंसात्मक क्रियाओं को दृष्टाभाव से जान लिया, उसके हिंसा समझ में आ जाती है और धीरे धीरे वह उससे छूट जाती है (17)।

क्रियाओं का प्रभाव :

मन-वचन-काय की क्रियाओं की विपरीतता और उनकी उचितता का प्रभाव दूसरों पर पड़ता भी है और नहीं भी पड़ता है,

किन्तु, अपने आप पर तो प्रभाव पड़ ही जाता है। वे क्रियाएँ मनुष्य के व्यक्तित्व का अंग बन जाती हैं। इसे ही कर्म-बन्धन कहते हैं। यह कर्म-बन्धन ही व्यक्ति के सुखात्मक और दुःखात्मक जीवन का आधार होता है। इस विराट् विश्व में हिंसा व्यक्तित्व को विकृत कर देती है और अपने तथा दूसरों के दुःखात्मक जीवन का कारण बनती है और अहिंसा व्यक्तित्व को विकसित करती है और अपने तथा दूसरों के सुखात्मक जीवन का कारण बनती है। हिंसा विराट् प्रकृति के विपरीत है। अतः वह हमारी ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी होने से रोकती है और ऊर्जा को ध्वंस में लगा देती है, किन्तु अहिंसा विराट् प्रकृति के अनुकूल होने से हमारी ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाने के लिए मार्ग-प्रशस्त करती है और ऊर्जा को रचना में लगा देती है। हिंसात्मक क्रियाएँ मनुष्य की चेतना को सिकोड़ देती हैं और उसको ह्रास की ओर ले जाती हैं, अहिंसात्मक क्रियाएँ मनुष्य की चेतना को विकास की ओर ले जाती हैं। इस प्रकार इन क्रियाओं का प्रभाव मनुष्य पर पड़ता है। अतः आचारांग ने कहा है कि जो मनुष्य कर्म-बन्धन और कर्म से छुटकारे के विषय में खोज करता है वह शुद्ध-बुद्धि होता है। (50)।

मूर्च्छित मनुष्य की दशा :

वास्तविक स्व-अस्तित्व का विस्मरण ही मूर्च्छा है। इसी विस्मरण के कारण मनुष्य व्यक्तिगत अवस्थाओं और सामाजिक परिस्थितियों से उत्पन्न सुख-दुःख से एकीकरण करके सुखी-दुःखी होता रहता है। मूर्च्छित मनुष्य स्व-अस्तित्व (आत्मा) के प्रति जागरूक नहीं होता है, वह अशांति से पीड़ित होता है, समता-भाव से दरिद्र होता है, उसे अहिंसा पर आधारित मूल्यों का ज्ञान देना कठिन होता है तथा वह अध्यात्म को समझने वाला नहीं होता है

(18)। मूर्च्छित मनुष्य इन्द्रिय-विषयों में ही ठहरा रहता है (22)। वह आसक्ति-युक्त होता है और कुटिल आचरण में ही रत रहता है (22)। वह हिंसा करता हुआ भी दूसरों को अहिंसा का उपदेश देता रहता है। (25)। इस तरह से वह अर्हत् (जीवन-मुक्त) की आज्ञा के विपरीत चलने वाला होता है (22, 96)। स्व-अस्तित्व के प्रति जागरूक होना ही अर्हत् की आज्ञा में रहना है। इस जगत् में यह विचित्रता है कि सुख देने वाली वस्तु दुःख देने वाली बन जाती है और दुःख देने वाली वस्तु सुख देने वाली बन जाती है। मूर्च्छित (आसक्ति-युक्त) मनुष्य इस बात को देख नहीं पाता है (39)। इसलिए वह सदैव वस्तुओं के प्रति आसक्त बना रहता है, यही उसका अज्ञान है (44)। विषयों में लोलुपता के कारण वह संसार में अपने लिए वैर की वृद्धि करता रहता है (45) और बार-बार जन्म-धारण करता रहता है (53)। अतः कहा जा सकता है कि मूर्च्छित (अज्ञानी) मनुष्य सदा सोया हुआ अर्थात् सत्मार्ग को भूला हुआ होता है (52)। जो मनुष्य मूर्च्छारूपी अंधकार में रहता है वह एक प्रकार से अंधा ही है। वह इच्छाओं में आसक्त बना रहता है और उन इच्छाओं की पूर्ति के लिए वह प्राणियों की हिंसा में संलग्न होता है (98)। वह प्राणियों को मारने वाला, छेदने वाला, उनकी हानि करने वाला तथा उनको हैरान करने वाला होता है (29)। इच्छाओं के तृप्त न होने पर वह शोक करता है, क्रोध करता है, दूसरों को सताता है और उनको नुकसान पहुंचाता है (43)। यहाँ यह समझना चाहिए कि सतत हिंसा में संलग्न रहने वाला व्यक्ति भयभीत व्यक्ति होता है। आचारांग ने ठीक ही कहा है कि प्रमादी (मूर्च्छित) व्यक्ति को सब ओर से भय होता है (69)। वह सदैव मानसिक तनावों से भरा रहता है। चूँकि उसके अनेक चित्त होते हैं, इसलिए उसका अपने लिए शांति (तनाव-मुक्ति) का दावा करना

ऐसे ही है जैसे कोई चलनी को पानी से भरने का दावा करे (60)। मूर्च्छित मनुष्य संसाररूपी प्रवाह में तैरने के लिए बिल्कुल समर्थन नहीं होता है (37)। वह भोगों का अनुमोदन करने वाला होता है तथा दुःखों के भँवर में ही फिरता रहता है (38)। वह दिन-रात दुःखी होता हुआ जीता है। वह काल-अकाल में तुच्छ वस्तुओं की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करता रहता है। वह केवल स्वार्थपूर्ण संबंध का अभिलाषी होता है। वह धन का लालची होता है तथा व्यवहार में ठगने वाला होता है। वह बिना विचार किए कार्यों को करने वाला होता है तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार शस्त्रों/हिंसा का प्रयोग को ही महत्व देता है (26)।

आध्यात्मिक प्रेरक तथा उनसे प्राप्त शिक्षा :

यह मूर्च्छित मनुष्यों का जगत् है। ऐसा होते हुए भी यह जगत् मनुष्य को ऐसे अनुभव प्रदान करने के लिए सक्षम है, जिनके द्वारा वह अपने आध्यात्मिक उत्थान के लिए प्रेरणा प्राप्त कर सकता है। मनुष्य कितना ही मूर्च्छित क्यों न हो फिर भी बुढ़ापा, मृत्यु और धन-वैभव की अस्थिरता उसको एक बार जगत् के रहस्य को समझने के लिए बाध्य कर ही देते हैं। यह सच है कि कुछ मनुष्यों के लिए यह जगत् इन्द्रिय-तुष्टि का ही माध्यम बना रहता है (74), किन्तु कुछ मनुष्य ऐसे संवेदनशील होते हैं कि यह जगत् उनकी मूर्च्छा को आखिर तोड़ ही देता है।

मनुष्य देखता है कि प्रति क्षण उसकी आयु क्षीण हो रही है। अपनी बीती हुई आयु को देखकर वह व्याकुल होता है और बुढ़ापे में उसका मन गड़बड़ा जाता है। जिनके साथ वह रहता है, वे ही आत्मीय-जन उसको बुरा-भला कहने लगते हैं और वह भी उनको बुरा-भला कहने लग जाता है। बुढ़ापे की अवस्था में वह मनोरंजन

के लिए, क्रीड़ा के लिए तथा प्रेम के लिए नीरसता व्यक्त करता है (27)। अतः आचारांग का शिक्षण है कि ये आत्मीय-जन मनुष्य के सहारे के लिए पर्याप्त नहीं होते हैं और वह भी उनके सहारे के लिए पर्याप्त नहीं होता है (27) इस प्रकार मनुष्य बुढ़ापे को समझकर आध्यात्मिक प्रेरणा ग्रहण करे तथा संयम के लिए प्रयत्नशील बने। और वर्तमान मनुष्य-जीवन के संयोग को देखकर आसक्ति-रहित बनने का प्रयास करे (28)। आचारांग का कथन है कि हे मनुष्यों! आयु बीत रही है, यौवन भी बीत रहा है, अतः प्रमाद (आसक्ति) में मत फँसो (28)। और जब तक इन्द्रियों की शक्ति क्षीण न हो, तब तक ही स्व-अस्तित्व के प्रति जागरूक होकर आध्यात्मिक विकास में लगो (30)।

आचारांग सर्व-अनुभूत तथ्य को दोहराता है कि मृत्यु के लिए किसी भी क्षण न आना नहीं है (36)। इसी बात को रखते हुए आचारांग फिर कहता है कि मनुष्य इस देह-संगम को देखे। यह देह-संगम छूटता अवश्य है। इसका तो स्वभाव ही नश्वर है। यह अध्रुव है, अनित्य है और अशाश्वत है (85)। आचारांग उनके प्रति आश्चर्य प्रकट करता है जो मृत्यु के द्वारा पकड़े हुए होने पर भी संग्रह में आसक्त होते हैं (74)। मृत्यु की अनिवार्यता हमारी आध्यात्मिक प्रेरणा का कारण बन सकती है। कुछ मनुष्य इससे प्रेरणा ग्रहण कर अनासक्ति की साधना में लग जाते हैं।

धन-वैभव में मनुष्य सबसे अधिक आसक्त होता है। चूँकि जीवन की सभी आवश्यकताएँ इसी से पूरी होती हैं, इसलिए मनुष्य इसका संग्रह करने के लिए सभी प्रकार के उचित-अनुचित कर्म में संलग्न हो जाता है। आचारांग आसक्त मनुष्य का ध्यान धन-वैभव के नाश की ओर आकर्षित करते हुए कहता है कि कभी चोर धन-

वैभव का अपहरण कर लेते हैं, कभी राजा उसको छीन लेता है और कभी वह घर-दहन में जला दिया जाता है (37)। धन-वैभव का नाश कुछ मनुष्यों को आध्यात्मिक प्रेरणा देकर उनको आत्म-जागृति की स्थिति में लाने के लिए समर्थ हो सकता है।

इस तरह से जब मूर्च्छित मनुष्य को संसार की निस्सारता का भान होने लगता है (61), तो उसकी मूर्च्छा की सघनता धीरे-धीरे कम होती जाती है और वह अध्यात्म-मार्ग की ओर चल पड़ता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि यदि अध्यात्म में प्रगति किया हुआ व्यक्ति मिल जाए, तो भी मूर्च्छित मनुष्य जागृत स्थिति में छलाँग लगा सकता है (93)। इस तरह से बुढ़ापा, मृत्यु, धन-वैभव का नाश, संसार की निस्सारता और जागृत मनुष्य के दर्शन—ये सभी मूर्च्छित मनुष्य को आध्यात्मिक प्रेरणा देकर उसमें स्व-अस्तित्व का बोध पैदा कर सकते हैं।

आन्तरिक रूपान्तरण और साधना के सूत्र :

आत्म-जागृति अथवा स्व-अस्तित्व के बोध के पश्चात् आचारांग मनुष्य को चारित्रात्मक आन्तरिक रूपान्तरण के महत्त्व को बतलाते हुए साधना के ऐसे सारभूत सूत्रों को बतलाता है जिससे उसकी साधना पूर्णता को प्राप्त हो सके। कहा है कि हे मनुष्य ! तू ही तेरा मित्र है (66), तू अपने मन को रोक कर जी (61)। जो सुन्दर चित्तवाला है, वह व्याकुलता में नहीं फँसता है (68)। तू मानसिक विषमता (राग-द्वेष) के साथ ही युद्ध कर, तेरे लिए बाहरी व्यक्तियों से युद्ध करने से क्या लाभ (99) ? बंध (अशांति) और मोक्ष (शान्ति) तेरे अपने मन में ही है (97)। धर्म न गाँव में होता है और न जंगल में, वह तो एक प्रकार का आन्तिरिक रूपान्तरण है (96)। कहा गया है कि जो ममतावाली वस्तु-बुद्धि को

छोड़ता है, वह ममतावाली वस्तु को छोड़ता है, जिसके लिए कोई ममतावाली वस्तु नहीं है, वह ही ऐसा ज्ञानी है, जिसके द्वारा अध्यात्म-पथ जाना गया है (46)।

आन्तरिक रूपान्तरण के महत्त्व को समझाने के बाद आचारांग ने हमें साधना की दिशाएँ बताई हैं। ये दिशाएँ ही साधना के सूत्र हैं। (i) अज्ञानी मनुष्य का बाह्य जगत् से सम्पर्क उसमें आशाओं और इच्छाओं को जन्म देता है। मनुष्यों से वह अपनी आशाओं की पूर्ति चाहने लगता है और वस्तुओं की प्राप्ति के द्वारा वह इच्छाओं की तृप्ति चाहता है। इस तरह से मनुष्य आशाओं और इच्छाओं का पिण्ड बना रहता है। ये ही उसके मानसिक तनाव, अशान्ति और दुःख के कारण होते हैं (39)। इसलिए आचारांग का कथन है कि मनुष्य आशा और इच्छा को त्यागे (39)। (ii) जो व्यक्ति इन्द्रियों के विषयों में आसक्त होता है, वह बहिर्मुखी ही बना रहता है, जिसके फल-स्वरूप उसके कर्म-बंधन नहीं हटते हैं और उसके विभाव-संयोग (राग-द्वेषात्मक भाव) नष्ट नहीं होते हैं (78)। अतः इन्द्रिय-विषय में अनासक्ति साधना के लिए आवश्यक है। यहीं से संयम की यात्रा प्रारम्भ होती है (53)। आचारांग का कथन है कि हे मनुष्य! तू अनासक्त हो जा और अपने को नियन्त्रित कर (76)। जैसे अग्नि जीर्ण (सूखी) लकड़ियों को नष्ट कर देता है, उसी प्रकार अनासक्त व्यक्ति राग-द्वेष को नष्ट कर देती है (76)। (iii) कषाएँ मनुष्य की स्वाभाविकता को नष्ट कर देती हैं। कषायों का राजा मोह है। जो एक मोह को नष्ट कर देता है, वह बहुत कषायों को नष्ट कर देता है (69)। अहंकार मृदु सामाजिक सम्बन्धों तथा आत्म-विकास का शत्रु है। कहा है कि उत्थान का अहंकार होने पर मनुष्य मूढ बन जाता है (91)। जो क्रोध आदि कषायों को तथा अहंकार को नष्ट करके चलता है,

वह संसार-प्रवाह को नष्ट कर देता है (62-70)। (vi) मानव-समाज में न कोई नीच है और न कोई उच्च है (34)। सभी के साथ समतापूर्ण व्यवहार किया जाना चाहिए। आचारांग के अनुसार समता में ही धर्म है (88)। (v) इस जगत् में सब प्राणियों के लिए पीड़ा अशान्ति है, दु:ख-युक्त है (23)। सभी प्राणियों के लिए यहाँ सुख अनुकूल होते हैं, दु:ख प्रतिकूल होते हैं, वध अप्रिय होते हैं तथा जिन्दा रहने की अवस्थाएँ प्रिय होती हैं। सब प्राणियों के लिए जीवन प्रिय होता है (36)। अत: आचारांग का कथन है कि कोई भी प्राणी मारा नहीं जाना चाहिए, गुलाम नहीं बनाया जाना चाहिए, शासित नहीं किया जाना चाहिए, सताया नहीं जाना चाहिए और अशान्त नहीं किया जाना चाहिए। यही धर्म शुद्ध है, नित्य है, और शाश्वत है (72)। जो अहिंसा का पालन करता है, वह निर्भय हो जाता है (69)। हिंसा तीव्र से तीव्र होती है, किन्तु अहिंसा सरल होती है (69)। अत: हिंसा को मनुष्य त्यागे। प्राणियों में तात्विक समता स्थापित करते हुए आचारांग अहिंसा-भावना को दृढ़ करने के लिए कहता है कि जिसको तू मारे जाने योग्य मानता है; वह तू ही है; जिसको तू शासित किए जाने योग्य मानता है- वह तू ही है; जिसको तू सताए जाने योग्य मानता है, वह तू ही है; जिसको तू गुलाम बनाए जाने योग्य मानता है, वह तू ही है; जिसको तू अशान्त किए जाने योग्य मानता है, वह तू ही है; (94)। इसलिए ज्ञानी, जीवों के प्रति दया का उपदेश दे और दया पालन की प्रशंसा करे (101)। (vi) आचारांग ने समता और अहिंसा की साधना के साथ सत्य की साधना को भी स्वीकार किया है। आचारांग का शिक्षण है कि हे मनुष्य ! तू सत्य का निर्णय कर, सत्य में धारणा कर और सत्य की आज्ञा में उपस्थित रह (59, 68)। (vii) संग्रह, समाज में आर्थिक विषमता पैदा करता है।

अतः आचारांग का कथन है कि मनुष्य अपने को परिग्रह से दूर रखे (42)। बहुत भी प्राप्त करके वह उसमें आसक्तियुक्त न बने (42)। (viii) आचारांग में समतादर्शी (अर्हत्) की आज्ञा-पालन को कर्त्तव्य कहा गया है (99)। कहा है कि कुछ लोग समतादर्शी की अनाज्ञा में भी तत्परता सहित होते हैं, कुछ लोग उसकी आज्ञा में भी आलसी होते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए (96)। यहाँ यह पूछा जा सकता है कि क्या मनुष्य के द्वारा आज्ञा पालन किए जाने को महत्त्व देना उसकी स्वतन्त्रता का हनन नहीं है? उत्तर में कहा जा सकता है कि स्वतन्त्रता का हनन तब होता है जब बुद्धि या तर्क से सुलझाई जाने वाली समस्याओं में भी आज्ञा-पालन को महत्त्व दिया जाए। किन्तु, जहाँ बुद्धि की पहुंच न हो ऐसे आध्यात्मिक रहस्यों के क्षेत्र में आत्मानुभवी (समतादर्शी) की आज्ञा का पालन ही साधक के लिए आत्म-विकास का माध्यम बन सकता है। संसार को जानने के लिये संशय अनिवार्य है (83), पर समाधि के लिए श्रद्धा अनिवार्य है (92)। इससे भी आगे चलें तो समाधि में पहुंचने के लिये समतादर्शी की आज्ञा में चलना आवश्यक है। संशय से विज्ञान जन्मता है, पर आत्मानुभवी की आज्ञा में चलने से ही समाधि-अवस्था तक पहुँचा जा सकता है। अतः आचा-रांग ने अर्हत् की आज्ञा-पालन को कर्त्तव्य कहकर आध्यात्मिक रहस्यों को जानने के लिए मार्ग-प्रशस्त किया है। (ix) मनुष्य लोक की प्रशंसा प्राप्त करना चाहता है, पर लोक असाधारण कार्यों की बड़ी मुश्किल से प्रशंसा करता है। उसकी पहुँच तो सामान्य कार्यों तक ही होती है। मूल्यों का साधक व्यक्ति असाधारण व्यक्ति होता है, अतः उसको अपने क्रान्तिकारी कार्यों के लिए प्रशंसा मिलना कठिन होता है। प्रशंसा का इच्छुक प्रशंसा न मिलने पर कार्यों को निश्चय ही छोड़ देगा। आचारांग ने मनुष्य की इस वृत्ति

को समझकर कहा है कि मूल्यों का साधक लोक के द्वारा प्रशंसित होने के लिये इच्छा ही न करे (73)। वह तो व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में मूल्यों की साधना से सदैव जुड़ा रहे।

साधना की पूर्णता :

साधना की पूर्णता होने पर हमें ऐसे महामानव के दर्शन होते हैं जो व्यक्ति के विकास और सामाजिक प्रगति के लिये प्रेरणा-स्तम्भ होता है। आचारांग में ऐसे महामानव की विशेषताओं को बड़ी सूक्ष्मता से दर्शाया गया है। उसे द्रष्टा, अप्रमादी, जाग्रत, अनासक्त, वीर, कुशल आदि शब्दों से इंगित किया गया है। (i) द्रष्टा के लिए कोई उपदेश शेष नहीं है (38)। उसका कोई नाम नहीं है (71)। (ii) उसकी आँखें विस्तृत होती हैं अर्थात् वह सम्पूर्ण लोक को देखने वाला होता है (44)। (iii) वह बन्धन और मुक्ति के विकल्पों से परे होता है (50)। वह शुभ-अशुभ, आदि दोनों अन्तों से नहीं कहा जा सकता है, इसलिए वह द्वन्द्वातीत होता है (56,64) और उसका अनुभव किसी के द्वारा न छेदा जा सकता है, न भेदा जा सकता है, न जलाया जा सकता है तथा न नष्ट किया जा सकता है (64)। वह किसी भी विपरीत परिस्थिति में खिन्न नहीं होता है और वह किसी भी अनुकूल परिस्थिति में खुश नहीं होता है। वास्तव में वह तो समता-भाव में स्थित रहता है (47)(iv) वह पूर्ण जागरूकता से चलने वाला होता है अतः वह वीर हिंसा से संलग्न नहीं किया जाता है (49)। वह सदैव ही आध्यात्मिकता में जागता है (51)। (v) वह अनुपम प्रसन्नता में रहता है (48)। (vi) वह कर्मों से रहित होता है। उसके लिए सामान्य लोक प्रचलित आचरण आवश्यक नहीं होता है, (55)। किन्तु उसका आचरण व्यक्ति व समाज के लिए मार्ग-दर्शक होता है। वह मूल्यों से अलगाव

को तथा पशु-प्रवृत्तियों के प्रति लगाव को समाज के जीवन में सहन नहीं करता है (47)। आचारांग का शिक्षण है कि जिस काम को जाग्रत व्यक्ति करता है, व्यक्ति व समाज उसको करे (50) (vii) वह इन्द्रियों के विषयों को द्रष्टाभाव से जाना हुआ होता है, इसलिए वह आत्मवान्, ज्ञानवान्, वेदवान्, धर्मवान् और ब्रह्मवान् कहा जा सकता है (52) (viii) जो लोक में परम तत्त्व को देखने वाला है, वह वहाँ विवेक से जीने वाला होता है, वह तनाव से मुक्त, समतावान्, कल्याण करने वाला, सदा जितेन्द्रिय, कार्यों के लिए उचित समय को चाहने वाला होता है तथा वह अनासक्तिपूर्वक लोक में गमन करता है (58)। (ix) उस महामानव के आत्मानुभव का वर्णन करने में सब शब्द लौट आते हैं, उसके विषय में कोई तर्क उपयोगी नहीं होता है, बुद्धि उसके विषय में कुछ भी पकड़ने वाली नहीं होती है (97)। आत्मानुभव की वह अवस्था आभामयी होती है। वह केवल ज्ञाता—द्रष्टा-अवस्था होती है (97)।

महावीर का साधनामय जीवन :

आचारांग ने महावीर के साधनामय जीवन पर प्रकाश डाला है। यह जीवन किसी भी साधक के लिए प्रेरणा-स्रोत बन सकता है। महावीर सांसारिक परतन्त्रता को त्यागकर आत्मस्वातन्त्र्य के मार्ग पर चल पड़े (103) उनकी साधना में ध्यान प्रमुख था। वे तीन घंटे तक बिना पलक झपकाए आंखों को भीत पर लगाकर आन्तरिक रूप से ध्यान करते थे (104)। यदि महावीर गृहस्थों से युक्त स्थान में ठहरते थे तो भी वे उनसे मेल-जोल न बढ़ाकर ध्यान में ही लीन रहते थे। बाधा उपस्थित होने पर वे वहाँ से चले जाते थे। वे ध्यान की तो कभी भी उपेक्षा नहीं करते थे (105)। महावीर अपने समय को कथा-नाच-गान में, लाठी-युद्ध तथा मूठी युद्ध को

देखने में नहीं बिताते थे (106)। काम-कथा तथा कामातुर इशारों में वे हर्ष-शोक रहित होते थे (107)। वे प्राणियों की हिंसा से बचकर विहार करते थे (108)। वे खाने-पीने की मात्रा को समझने वाले थे और रसों में कभी लालायित नहीं होते थे (109)। महावीर कभी शरीर को नहीं खुजलाते थे और आँखों में कुछ गिरने पर आँखों को पोंछते भी नहीं थे (110)। वे कभी शून्य घरों में, कभी लुहार, कुम्हार आदि के कर्म-स्थानों में, कभी बगीचे में, मसाण में और कभी पेड़ के नीचे ठहरते थे और संयम में सावधानी बरतते हुए वे ध्यान करते थे (112, 113, 114)। महावीर सोने में आनन्द नहीं लेते थे। नींद आती तो अपने को खड़ा करके जगा लेते थे। वे थोड़ा सोते अवश्य थे पर नींद की इच्छा रखकर नहीं (115)। यदि रात में उनको नींद सताती, तो वे आवास से बाहर निकलकर इधर-उधर घूम कर फिर जागते हुए ध्यान में बैठ जाते थे (116)।

महावीर ने लौकिक तथा अलौकिक कष्टों को समतापूर्वक सहन किया (117, 118)। विभिन्न परिस्थितियों में हर्ष और शोक पर विजय प्राप्त करके वे समता-युक्त बने रहे (119)। लाढ देश के लोगों ने उनको बहुत हैरान किया। वहाँ कुछ लोग ऐसे थे जो महावीर के पीछे कुत्तों को छोड़ देते थे। कुछ लोग उन पर विभिन्न प्रकार से प्रहार करते थे (120, 121, 122)। किन्तु, जैसे कवच से ढका हुआ योद्धा संग्राम के मोर्चे पर रहता है, वैसे ही वे महावीर वहाँ दुर्व्यवहार को सहते हुए आत्म-नियन्त्रित रहे (123)।

दो मास से अधिक अथवा छः मास तक भी महावीर कुछ नहीं खाते-पीते थे। रात-दिन वे राग-द्वेष-रहित रहे (124)। कभी वे दो दिन के उपवास के बाद में, कभी तीन दिन के उपवास के बाद में कभी

चार अथवा पाँच दिन के उपवास के बाद में भोजन करते थे (125)। वे गृहस्थ के लिए बने हुए विशुद्ध आहार की ही भिक्षा ग्रहण करते थे और उसको वे समता-युक्त बने रहकर उपयोग में लाते थे (127)।

महावीर कषाय रहित थे। वे शब्दों और रूपों में अनासक्त रहते थे। जब वे असर्वज्ञ थे, तब भी उन्होंने साहस के साथ संयम पालन करते हुए एक बार भी प्रमाद नहीं किया (128)। महावीर जीवन-पर्यन्त समता-युक्त रहे (129)।

चयनिका के उपर्युक्त विषय-विवेचन से स्पष्ट है कि आचारांग में जीवन के मूल्यात्मक पक्ष की सूक्ष्म अभिव्यक्ति हुई है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह चयन (आचारांग चयनिका) पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। सूत्रों का हिन्दी अनुवाद मूलानुगामी रहे ऐसा प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढ़ने से ही शब्दों की विभक्तियाँ एवं उनके अर्थ समझ में आ जाएँ। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा रही है। कहाँ तक सफलता मिली है, इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त शब्दार्थ एवं सूत्रों का व्याकरणिक विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण में जिन संकेतों का प्रयोग किया गया है, उनका संकेत सूची में देख कर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि प्राकृत को व्यवस्थित रूप से सीखने में सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विभिन्न नियम सहज में ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्व विदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत सूत्र एवं उनके व्याकरणिक विश्लेषण से व्याकरण के साथ-साथ शब्दों के प्रयोग भी सीखने में मदद मिलेगी। शब्दों की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनों ही भाषा सीखने के आधार होते हैं। अनुवाद

एवं व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है पाठकों के समक्ष है। पाठकों के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होंगे।

आचारांग चयनिका का विषय ठीक प्रकार से समझ में आ सके, इसके लिए इस संस्करण में चार टिप्पण दिए गये हैं। वे इस प्रकार हैं :

(1) द्रव्य-पर्याय,
(2) जीव अथवा आत्मा,
(3) लोक और
(4) कर्म-क्रिया।

आचारांग चयनिका के सूत्रों को छह भागों में विभक्त किया गया है। पुस्तक के अन्त में प्रत्येक भाग की रूपरेखा सूत्रों सहित दी गई है। ये छह भाग इस प्रकार हैं:—

1. आचारांग की दार्शनिक पृष्ठ भूमि और धर्म का स्वरूप।
2. मूर्च्छित मनुष्य की अवस्था।
3. मूर्च्छा कैसे टूट सकती है।
4. जीवन-विकास के सूत्र।
5. जागृत मनुष्य की अवस्था।
6. महावीर का साधनामय जीवन।

आभार :

आचारांग-चयनिका के लिए मुनि जम्बूविजयजी द्वारा सम्पादित आचारांग के संस्करण का उपयोग किया गया। इसके

लिए मुनि जम्बूविजयजी के प्रति अपन कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। आचारांग का यह संस्करण श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से सन् 1977 में प्रकाशित हुआ है।

आगम के प्रकाण्ड विद्वान् महोपाध्याय श्री विनयसागरजी ने आचारांग-चयनिका का प्राक्कथन लिखने की स्वीकृति प्रदान की, इसके लिए मैं उनका हृदय से कृतज्ञ हूँ।

मेरे विद्यार्थी डॉ. श्यामराव व्यास, दर्शन-विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का आभारी हूँ, जिन्होंने इस पुस्तक के हिन्दी अनुवाद एवं उसकी प्रस्तावना को पढ़कर उपयोगी सुझाव दिए। डॉ. प्रेम सुमन जैन, जैन-विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, डॉ. उदयचन्द जैन, जैन-विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, श्री मानमल कुदाल, आगम अहिंसा-समता एवं प्राकृत संस्थान, उदयपुर तथा डॉ. हुकम-चन्द जैन, जैन-विद्या एवं प्राकृत विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के सहयोग के लिए भी आभारी हूँ।

मेरी धर्म-पत्नी श्रीमती कमलादेवी सोगाणी ने इस पुस्तक को तैयार करने में जो अनेक प्रकार से सहयोग दिया, उसके लिए आभार प्रकट करता हूँ।

इस पुस्तक के द्वितीय संस्कृत को प्रकाशित करने के लिए प्राकृत-भारती अकादमी, जयपुर के सचिव श्री देवेन्द्रराजजी मेहता एवं

संयुक्त-सचिव महोपाध्याय श्री विनयसागरजी ने जो व्यवस्था की है, उसके लिये उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

एम. एल, प्रिण्टर्स, जोधपुर को सुन्दर छपाई के लिए धन्यवाद देता हूँ।

कमलचन्द सोगाणी

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष दर्शन-विभाग
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर (राजस्थान)

आचारांग - चयनिका

आचारांग - चयनिका

1 सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं—इहमेगेसि णो सण्णा भवति । तं जहा—

पुरत्थिमातो वा दिसातो आगतो अहमंसि,
दाहिणाओ वा दिसाओ आगतो अहमंसि,
पच्चत्थिमातो वा दिसातो आगतो अहमंसि,
उत्तरातो वा दिसातो आगतो अहमंसि,
उड्ढातो वा दिसातो आगतो अहमंसि,
अधेदिसातो वा आगतो अहमंसि,

अन्नतरीतो दिसातो वा अणु-दिसातो वा आगतो अहमंसि। एवमेगेसि णो णातं भवति—अत्थि मे आया उववाइए, णत्थि मे आया उववाइए, के अहं आसी, के वा इओ चुते पेच्चा भविस्सामि ।

आचारांग - चयनिका

1. हे आयुष्मन् (चिरायु)! मेरे द्वारा (यह) सुना हुआ (है) (कि) उन भगवान् के द्वारा इस प्रकार (यह) कहा गया (है)—यहाँ कई (मनुष्यों) में (यह) होश नहीं होता है। जैसे—

मैं पूरबी दिशा से आया हूँ,
या मैं दक्षिण दिशा से आया हूँ,
या मैं पश्चिमी दिशा से आया हूँ,
या मैं उत्तर दिशा से आया हूँ,
या मैं ऊपर की दिशा से आया हूँ,
या मैं नीचे की दिशा से आया हूँ,
या (मैं) अन्य ही दिशाओं से (आया हूँ),
या मैं ईशान कोण आदि दिशाओं से आया हूँ।

इसी प्रकार कई (मनुष्यों) के द्वारा (यह) समझा हुआ नहीं होता है (कि) मेरी (स्वयं की) आत्मा पुनर्जन्म लेने वाली है, (या) मेरी (स्वयं की) आत्मा पुनर्जन्म लेने वाली नहीं है, (पिछले जन्म में) मैं कौन था? या (जब) (मैं) (मरकर) इस लोक से अलग हुआ (हूँ), (तो) आगामी जन्म में (मैं) क्या होऊँगा?

2 से ज्जं पुरा जारोज्जा सहसम्मुइयाए परवागरणेणं अण्णेंसि वा अंतिए सोच्चा ।

3 से आयावादी लोगावादी कम्मावादी किरियावादी ।

4 अपरिण्णायकम्मे खलु अयं पुरिसे जो इमाओ दिसाओ वा अणु-दिसाओ वा अणुसंचरति, सव्वाओ दिसाओ सव्वाओ अणुदिसाओ सहेति, अणेगरूवाओ जोणीओ संधेति, विरूवरूवे फासे पडिसंवेदयति ।

5 तत्थ खलु भगवता परिण्णा पवेदिता । इमस्स चेव जीवियस्स

2. इसके विपरीत वह (कोई मनुष्य उपर्युक्त बातों को) (इन तरीकों से) जान लेता है (1) स्वकीय स्मृति के द्वारा (2) दूसरों (अतीन्द्रिय ज्ञानियों) के कथन के द्वारा (3) अथवा दूसरों (अतीन्द्रिय ज्ञानियों के सम्पर्क से समझे हुए व्यक्तियों) के समीप सुनकर।

3. (जो यह जान लेता है कि उसकी आत्मा अमुक दिशा से आई है तथा वह पुनर्जन्म लेने वाली है)

वह (व्यक्ति) (ही) आत्मा को मानने वाला (होता है), (अजीव-पुद्गलादि) लोक को मानने वाला (होता है), कर्म-(बन्धन) को मानने वाला (होता है) (और) (मन-वचन-काय की) क्रियाओं को मानने वाला (होता है)।

4. सचमुच यह मनुष्य (ऐसा है) (कि) (जिसके द्वारा) (मन-वचन-काय की) क्रिया समझी हुई नहीं (है), जो इन दिशाओं से या अनुदिशाओं (ईशान आदि कोणों) से (आकर) (संसार में) परिभ्रमण करता है, (जो) सब दिशाओं से, सभी अनुदिशाओं से (दुःखों को) सहन करता है, (जो) अनेक प्रकार की योनियों से (अपने को) जोड़ता है, (तथा) (जो) अनेक (मनोहर) रूपों (सुखों) को (एवं) स्पर्शों (दुःखों) को अनुभव करता है।

5. उस (मनुष्य) के लिए ही भगवान् के द्वारा (इस प्रकार) ज्ञान दिया हुआ (है)। (मनुष्य के द्वारा मन-वचन-काय की क्रियाएँ इन बातों के लिए की जाती है) (1) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, (2) प्रशंसा, आदर तथा पूजा (पाने) के लिए, (3) (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन)

परिवंदण - माणण - पूयणाए जाती - मरण - मोयणाए दुक्खपडिघातहेतुं ।

6 एतावंति सव्वावंति लोगंसि कम्मसमारंभा परिजाणियव्वा भवंति ।

7 जस्सेते लोगंसि कम्मसमारंभा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिण्णायकम्मे त्ति बेमि ।

8 इमस्स चेव जीवियस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जाती-मरण-मोयणाय दुक्खपडिघातहेउं से सयमेव पुढविसत्थं समारंभति, अण्णेहिं वा पुढविसत्थं समारंभावेति, अण्णे वा पुढविसत्थं समारंभंते समणुजाणति । तं से अहिताए, तं से अबोहीए ।

9 इमस्स चेव जीवितस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जाती-मरण-मोयणाए दुक्खपडिघातहेतुं से सयमेव उदयसत्थं

के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण, तथा मोक्ष (परम-शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए।

6. सम्पूर्ण लोक (जगत) में (मन-वचन-काय की) क्रियाओं के इतने (उपर्युक्त) प्रारम्भ (शुरुआत) समझे जाने योग्य होते हैं।

7. जिसके द्वारा लोक में इन (मन-वचन-काय संबंधी) क्रियाओं के प्रारंभ (शुरुआत) समझे हुए होते हैं, वह ही ज्ञानी (ऐसा) है (जिसके द्वारा) (उपर्युक्त) क्रिया-(समूह) (द्रष्टा भाव से) जाना हुआ (है)। इस प्रकार (मैं) कहता हूँ।

8. (यह दुःख की बात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर तथा पूजा (पाने) के लिए, (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम-शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए स्वयं ही पृथ्वीकायिक जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा पृथ्वीकायिक जीव-समूह की हिंसा करवाता है, या पृथ्वीकायिक जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा-कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन बने रहने का (कारण) (होता है)।

9. (यह दुःख की बात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर तथा

समारंभति, अण्णेहि वा उदयसत्थं समारंभावेति, अण्णे वा उदयसत्थं समारंभंते समणुजाणति । तं से अहिताए, तं से अवोधीए ।

10 इमस्स चेव जीवियस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जाती-मरण-मोयणाए दुक्खपडिघातहेतुं से सयमेव अगणिसत्थं समारंभति, अण्णेहि वा अगणिसत्थं समारंभावेति, अण्णे वा अगणिसत्थं समारंभमाणे समणुजाणति । तं से अहिताए, तं से अवोधीए ।

11 इमस्स चेव जीवियस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जाती-मरण-मोयणाए दुक्खपडिघातहेतुं से सयमेव वणस्सतिसत्थं

पूजा (पाने) के लिए, (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम-शांति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए स्वयं ही जलकायिक जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा जलकायिक जीव-समूह की हिंसा करवाता है या जलकायिक जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा-कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा-कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन बने रहने का (कारण) (होता है)।

10. (यह दुःख की बात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर तथा पूजा (पाने) के लिए (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए स्वयं ही अग्निकायिक जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा अग्निकायिक जीव-समूह की हिंसा करवाता है या अग्निकायिक जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा-कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा-कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन बने रहने का (कारण) (होता है)।

11. (यह दुःख की बात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर तथा पूजा (पाने) के लिए, (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम-शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए

समारंभति, अण्णेहिं वा वणस्सतिसत्थं समारंभावेति, अण्णे वा वणस्सतिसत्थं समारंभमाणे समणुजाणति । तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

12 से बेमि — इमं पि जातिधम्मयं, एयं पि जातिधम्मयं;
इमं पि वुड्ढिधम्मयं, एयं पि वुड्ढिधम्मयं;
इमं पि चित्तमंतयं, एयं पि चित्तमंतयं;
इमं पि छिण्णं मिलाति, एयं पि छिण्णं मिलाति;
इमं पि आहारगं, एयं पि आहारगं;
इमं पि अणितियं, एयं पि अणितियं;
इमं पि असासयं, एयं पि असासयं;

स्वयं ही वनस्पतिकायिक जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा वनस्पतिकायिक जीव-समूह की हिंसा करवाता है या वनस्पतिकायिक जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा-कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन बने रहने का (कारण) (होता है)।

12. वह (मनुष्य और वनस्पतिकायिक जीव की तुलना) मैं कहता हूँ—यह (मनुष्य) भी उत्पत्ति स्वभाव (वाला) (होता है),
यह (वनस्पति) भी उत्पत्ति स्वभाव (वाली) (होती है)।
यह (मनुष्य) भी वढ़ोतरी स्वभाव (वाला) (होता है),
यह (वनस्पति) भी वढ़ोतरी स्वभाव (वाली) (होती है)।
यह (मनुष्य) भी चेतना वाला (होता है),
यह (वनस्पति) भी चेतना वाली होती है।
यह (मनुष्य) भी कटा हुआ उदास होता है,
यह (वनस्पति) भी कटी हुई उदास होती है।
यह (मनुष्य) भी आहार करने वाला (होता है),
यह (वनस्पति) भी आहार करने वाली (होती है)।
यह (मनुष्य) भी नाशवान् (होता है),
यह (वनस्पति) भी नाशवान् (होती है)।
यह (मनुष्य) भी हमेशा न रहने वाला (होता है),
यह (वनस्पति) भी हमेशा न रहने वाली (होती है)।
यह (मनुष्य) भी बढ़ने (वाला) और क्षय वाला (होता है),

इमं पि चयोवचइयं, एयं पि चयोवचइयं;
इमं पि विप्परिणामधम्मयं, एयं पि विप्परिणाम-
धम्मयं ।

13 इमस्स चेव जीवियस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जाती-मरण-मोयणाए दुक्खपडिघायहेतुं से सयमेव तसकायसत्थं समारंभति, अण्णेहि वा तसकायसत्थं समारंभावेति, अण्णे वा तसकायसत्थं समारंभमाणे समणुजाणति । तं से अहिताए, तं से अबोधीए ।

14 से बेमि—अप्पेगे अच्चाए वधेंति, अप्पेगे अजिणाए वधेंति, अप्पेगे मंसाए वधेंति, अप्पेगे सोणिताए वधेंति, अप्पेगे हिययाए वधेंति, एवं पित्ताए वसाए पिच्छाए पुच्छाए वालाए सिंगाए

यह (वनस्पति) भी बढ़ने वाली और क्षयवाली (होती है)।
यह (मनुष्य) भी (अवस्था में) परिवर्तन स्वभाव (वाला) (होता है),
यह (वनस्पति) भी (अवस्था में) परिवर्तन स्वभाव (वाली) होती है।

13. (यह दुःख की बात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर तथा पूजा (पाने) के लिए, (भावी) जन्म (की उधेड़-बुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम-शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए स्वयं ही त्रसकाय (दो इन्द्रिय से पाँच इन्द्रियों वाले)–जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा त्रसकाय–जीव समूह की हिंसा करवाता है या त्रसकाय–जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा-कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा-कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन बने रहने का (कारण) (होता है)।

14. (प्राणियों का वध क्यों किया जाता है?) (उसको) मैं कहता हूँ—

कुछ मनुष्य पूजा-सत्कार के लिए (प्राणियों का) वध करते हैं, कुछ मनुष्य हरिण आदि के चमड़े के लिए (प्राणियों का) वध करते हैं, कुछ मनुष्य मांस के लिए (प्राणियों का) वध करते हैं, कुछ मनुष्य खून के लिए (प्राणियों का) वध करते हैं, कुछ मनुष्य हृदय के लिए (प्राणियों का) वध करते हैं, इसी प्रकार पित्त के लिए, चर्बी के लिए, पांख के लिए,

विसाणाए दंताए दाढाए नहाए ण्हारुणीए अट्ठिए अट्ठिमिंजाए अट्ठाए अणट्ठाए ।
अप्पेगे हिंसिसु मे त्ति वा, अप्पेगे हिंसंति वा, अप्पेगे हिंसिस्संति वा णे वधेंति ।

15 इमस्स चेव जीवियस्स परिवंदण-माणण-पूयणाए जातो-मरण-मोयणाए दुक्खपडिघातहेतुं से सयमेव वाउसत्थं समारभति, अण्णेहि वा वाउसत्थं समारभावेति, अण्णे वा वाउसत्थं समारभंते समणुजाणति । तं से अहियाए, तं से अबोधीए ।

16 से त्तं संबुज्झमाणे आयाणीयं समुट्ठाए । सोच्चा भगवतो

पूँछ के लिए, वाल के लिए, सींग के लिए, हाथी आदि के दांत के लिए, दांत के लिए, दाढ के लिए, नख के लिए, स्नायु के लिए, हड्डी के लिए, हड्डी के भीतरी रस के लिए, किसी (और) उद्देश्य के लिए (तथा) विना किसी उद्देश्य के (व्यर्थ ही) (प्राणियों का वध करते हैं)।

कुछ मनुष्य, (उन्होंने) मेरे (स्वजन की) हिंसा संभवतः की थी, इस प्रकार (कहकर) (उनका वध करते हैं)। कुछ मनुष्य, (यह मेरे स्वजन की) संभवतः (हिंसा करता है), (यह) (कहकर) (उसकी) हिंसा करते हैं, कुछ मनुष्य, (ये मेरे स्वजन की) संभवतः हिंसा करेंगे, (यह कहकर) उनका वध करते हैं।

15. (यह दुःख की वात है कि) वह (कोई मनुष्य) इस ही (वर्तमान) जीवन (की रक्षा) के लिए, प्रशंसा, आदर, तथा पूजा (पाने) के लिए, (भावी) जन्म (की उधेड़-वुन) के कारण, (वर्तमान में) मरण-(भय) के कारण तथा मोक्ष (परम-शान्ति) के लिए (और) दुःखों को दूर हटाने के लिए स्वयं ही वायुकायिक जीव-समूह की हिंसा करता है या दूसरों के द्वारा वायुकायिक जीव-समूह की हिंसा करवाता है या वायुकायिक जीव-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का अनुमोदन करता है। वह (हिंसा-कार्य) उस (मनुष्य) के अहित के लिए (होता है), वह (हिंसा-कार्य) उसके लिए अध्यात्महीन वने रहने का (कारण) (होता है)।

16. (इसलिये) वह (अहिंसा-साधक) उस ग्रहण किये जाने योग्य (संयम) को समझता हुआ उठे। भगवान् से (या) साधुओं से

अणगाराणं इहमेगेसिं णातं भवति— एस खलु गंथे, एस खलु मोहे, एस खलु मारे, एस खलु णिरए ।

17 तं परिण्णाय मेहावी णेव सयं छज्जीवणिकायसत्थं समारंभेज्जा, णेवऽण्णेहिं छज्जीवणिकायसत्थं समारंभावेज्जा, णेवऽण्णे छज्जीवणिकायसत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा ।

जस्सेते छज्जीवणिकायसत्थसमारंभा परिण्णाया भवंति से हु मुणी परिण्णायकम्मे त्ति बेमि ।

18 अट्टे लोए परिजुण्णे दुस्संबोधे अविजाणए । अस्सि लोए पव्वहिए ।

19 जाए सद्धाए णिक्खंतो तमेव अणुपालिया विजहित्ता विसोत्तियं ।

सुनकर कुछ (मनुष्यों) के द्वारा यहाँ (यह) सीखा हुआ होता है (कि) यह (हिंसा-कार्य) निश्चय ही बन्धन में (डालने वाला है), यह (हिंसा-कार्य) निश्चय ही मूर्च्छा में (पटकने वाला है), यह (हिंसा-कार्य) निश्चय ही अनिष्ट (अमंगल) में (धकेलने वाला है) (तथा) यह (हिंसा-कार्य) निश्चय ही नरक में (ले जाने वाला है)।

17. उस (हिंसा-कार्य के परिणामों) को समझकर बुद्धिमान (मनुष्य) स्वयं छः-जीव-समूह, प्राणी-समूह की कभी भी हिंसा नहीं करता है, (तथा) दूसरों के द्वारा छः-जीव-समूह, प्राणी-समूह की हिंसा कभी भी नहीं करवाता है, (तथा) छः-जीव-समूह, प्राणी-समूह की हिंसा करते हुए (करने वाले) दूसरों का कभी भी अनुमोदन नहीं करता है।

जिसके द्वारा (उपर्युक्त) इन छः-जीव-समूह, प्राणी-समूह के हिंसा-कार्य समझे हुए होते हैं वह ही ज्ञानी (ऐसा) (है) (जिसके द्वारा) (उपर्युक्त) हिंसा-कार्य (द्रष्टा भाव से) जाना हुआ है इस प्रकार (मैं) कहता हूँ।

18. (मूर्च्छित) मनुष्य (अशांति से) पीड़ित (होता है), (समता भाव से) दरिद्र (होता है), (उसको) (अहिंसा पर आधारित मूल्यों का) ज्ञान देना कठिन (होता है) (तथा) (वह) (अध्यात्म को) समझने वाला नहीं (होता है)। इस लोक में (मूर्च्छित मनुष्य) अति दुःखी (रहता है)।

19. जिस प्रबल इच्छा से (मनुष्य) (अहिंसा-पथ पर) निकला हुआ (है), उस (प्रबल इच्छा) को ही बनाए रखकर (तथा) हिंसात्मक चिन्तन को छोड़कर (वह) (चलता जाय)।

20 पणया वीरा महावीहिं ।

21 लोगं च आणाए अभिसमेच्चा अकुतोभयं । से बेमि-णेव सयं लोगं अब्भाइक्खेज्जा, णेव अत्ताणं अब्भाइक्खेज्जा । जे लोगं अब्भाइक्खति से अत्ताणं अब्भाइक्खति, जे अत्ताणं अब्भाइक्खति से लोगं अब्भाइक्खति ।

22 जे गुणे से आवट्टे, जे आवट्टे से गुणे ।

उड्ढं अहं तिरियं पाईणं पासमाणे रूवाइं पासति, सुणमाणे सद्दाइं सुणेति ।

उड्ढं अहं तिरियं पाईणं मुच्छमाणे रूवेसु मुच्छति, सद्देसु यावि ।

एस लोगे वियाहिते । एत्थ अगुत्ते अणाणाय पुणो पुणो

20. महापथ (अहिंसा-समता पथ) पर झुके हुए वीर (होते हैं)।

21. (अर्हत् की) आज्ञा से प्राणी समूह को अच्छी तरह से जानकर (मनुष्य) (उसको) निर्भय (वना दे) अर्थात् उसको अभय दान दे।

मैं कहता हूं—(व्यक्ति) स्वयं प्राणी-समूह पर (उसके न होने का) झूठा आरोप कभी न लगाये, न ही निज पर (अपने न होने का) झूठा आरोप कभी लगाये। जो प्राणी-समूह पर (उसके न होने का) झूठा आरोप लगाता है, वह निज पर (अपने न होने का) झूठा आरोप लगाता है, जो निज पर (अपने न होने का) झूठा आरोप लगाता है, वह प्राणी-समूह पर (उसके न होने का) झूठा आरोप लगाता है।

22. जो दुश्चरित्रता (है), वह (अशांति में) चक्कर काटना (है); जो (अशान्ति में) चक्कर काटना (है), वह (ही) दुश्चरित्रता (है)।

(द्रष्टाभाव से) देखता हुआ (मनुष्य) ऊपर की ओर, नीचे की ओर, तिरछी दिशा में और सामने की ओर (स्थित) रूपों को (केवल) देखता है, (द्रष्टाभाव से) सुनता हुआ (मनुष्य) शब्दों को (केवल) सुनता है। (किन्तु) मूर्च्छित होता हुआ (मनुष्य) ऊपर की ओर, नीचे की ओर. तिरछी दिशा में और सामने की ओर (स्थित) रूपों में मूर्च्छित होता है, और शब्दों में भी (मूर्च्छित होता है)।

यह (मूर्च्छा) (ही) संसार कहा गया (है)। यहाँ पर (जो) मूर्च्छित (मनुष्य) (है), (वह) (अर्हत्-जीवन-मुक्त) की आज्ञा में नहीं (है)। (जो) वार-वार दुश्चरित्रता के स्वाद में (लीन है) (जो) कुटिल आचरण में (दक्ष है), जो प्रमादी

गुणासाते वंकसमायारे पमत्ते गारमावसे ।

23 णिज्झाइत्ता पडिलेहित्ता पत्तेयं परिणिव्वाणं सव्वेसिं पाणाणं सव्वेसिं भूताणं सव्वेसिं जीवाणं सव्वेसिं सत्ताणं अस्सातं अपरिणिव्वाणं महब्भयं दुक्खं ति बेमि ।

तसंति पाणा पदिसो दिसासु य ।
तत्थ तत्थ पुढो पास आतुरा परितावेंति ।
संति पाणा पुढो सिता ।

24 जे अज्झत्थं जाणति से बहिया जाणति, जे बहिया जाणति से अज्झत्थं जाणति । एतं तुलमण्णेसिं ।

25 एत्थं पि जाण उवादीयमाणा, जे आयारे ण रमंति आरंभमाणा विणयं वयंति

(आसक्ति-युक्त) (है), (वह) (वास्तव में) (मूर्च्छा रूपी) घर में (ही) निवास करता है।

23. प्रत्येक (जीव) की शान्ति को विचार करके और देख करके (तुम हिंसा को छोड़ो), (चूँकि) सब प्राणियों के लिए, सब जन्तुओं के लिए, सब जीवों के लिए, सब चेतनवानों के लिए पीड़ा, अशान्ति (है), महा भयंकर (है), दुःख-युक्त (है)। इस प्रकार (मैं) कहता हूं।

(संसार में) प्राणी (सब) दिशाओं में तथा प्रत्येक स्थान पर भयभीत रहते हैं।

(चूंकि) तू देख, प्रत्येक स्थान पर मूर्च्छित (मनुष्य) अलग-अलग (प्रकार से) (प्राणियों को) दुःख पहुंचाते हैं। (और) (ये) प्राणी भी अलग-अलग (प्रकार के) होते हैं।

24. जो अध्यात्म (समतामयी परम-आत्मा) को जानता है, वह बाहर की ओर (स्थित) (सांसारिक विषमताओं) को समझता हैं; जो बाहर की ओर (स्थित) (सांसारिक विषमताओं) को समझता है, वह अध्यात्म (समतामयी परम-आत्मा) को जानता है। (जीवन के सार का) खोज करने वाला (मनुष्य) इस (आध्यात्मिक) तराजू को (समझे)।

25. यहां (तुम) जानो कि यद्यपि (कई मनुष्य) (गुरु के) निकट (अहिंसा-समता को) समझते हुए (स्थित हैं), (फिर भी) (उनमें से) जो आचार (अहिंसा-समता) में ठहरते नहीं हैं, (आश्चर्य!) (वे) हिंसा करते हुए (भी) आचार (अहिंसा-समता) का (दूसरों के लिए) कथन करते हैं। (इस तरह से) (उनके द्वारा) स्वच्छन्दता प्राप्त की गई (है) (और) (वे) अत्यन्त दोष (आसक्ति) में डूबे हुए हैं। (इस प्रकार से) हिंसा

छंदोवणीया अज्झोववण्णा
आरंभसत्ता पकरेंति संगं
से वसुमं सव्वसमण्णागतपण्णाणेणं अप्पाणेणं अकरणिज्जं पावं कम्मं णो अण्णेसि ।

26 जे गुणे से मूलट्ठाणे, जे मूलट्ठाणे से गुणे ।
इति से गुणट्ठी महता परितावेण वसे पमत्ते ।

अहो य राओ य परितप्पमाणे कालाकालसमुट्ठायी संजोगट्ठी अट्ठालोभी आलुंपे सहसक्कारे विणिविट्ठचित्ते एत्थ सत्थे पुणो पुणो ।

27 अभिकंतं च खलु वयं सपेहाए ततो से एगया मूढभावं जणयंति ।

जेहिं वा सद्धिं संवसति ते व णं एगदा णियगा पुव्वि

में आसक्त (व्यक्ति) कर्म-बन्धन (अशान्ति) को उत्पन्न करते हैं।

(किन्तु) वह अनासक्त (व्यक्ति) जो पूरी तरह से समता को प्राप्त निज प्रज्ञा के द्वारा (जीता है), (वह) अकरणीय हिंसक कर्म (पूर्णतया छोड़ देता है) तथा (वह) (हिंसा के साधनों की) खोज करने वाला नहीं (होता है)।

26. जो इन्द्रियासक्ति (है), वह (अशान्ति का) आधार (है); जो (अशान्ति का) आधार (है), वह (ही) इन्द्रियासक्ति (है)। इस प्रकार वह इन्द्रिय-विषयाभिलाषी (व्यक्ति) महान दुःख से (जीवन-यात्रा चलाता है) (तथा) (सदा) प्रमाद (मूर्च्छा) में वास करता है।

(वह) दिन में तथा रात में भी दुखी होता हुआ (जीता है); (वह) काल-अकाल में (तुच्छ वस्तुओं की प्राप्ति के लिए) प्रयत्न करने वाला (बना रहता है); (वह) (केवल) (स्वार्थ-पूर्ण) संबंध का अभिलाषी (होता है); (वह) धन का लालची (होता है); (वह) (व्यवहार में) ठगने वाला (होता है); (वह) बिना विचार किए (कार्यों को) करने वाला (होता है); (वह) आसक्त चित्तवाला (होता है); (वह) यहाँ पर (समस्याओं के समाधान के लिए) बार-बार शस्त्रों (हिंसा) को (काम में लेता है)।

27. वास्तव में (अपनी) बीती हुई आयु को ही देखकर (मनुष्य व्याकुल होता है), (और) बाद में (बुढ़ापे में) उसके (मनोभाव) एक समय (उसमें) (मूर्खतापूर्ण) अवस्था उत्पन्न कर देते हैं।

और जिनके साथ (वह) रहता है, एक समय वे ही आत्मीय-

परिवदंति, सो वा ते णियगे पच्छा परिवदेज्जा। णालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा, तुमं पि तेसिं णालं ताणाए वा सरणाए वा। से ण हासाए, ण किड्डाए, ण रतीए ण विभूसाए।

28 इच्चेवं समुट्ठिते अहोविहाराए अंतरं च खलु इमं सपेहाए धीरे मुहुत्तमवि णो पमादए। वओ अच्चेति जोव्वणं च।

29 जीविते इह जे पमत्ता से हंता छेत्ता भेत्ता लुंपित्ता विलुंपित्ता उद्दवेत्ता उत्तासयित्ता अकडं करिस्सामि त्ति मण्णमाणे।

30 एवं जाणित्तु दुक्खं पत्तेयं सातं अणभिक्कंतं च खलु वयं सपेहाए खणं जाणाहि पंडिते!

जाव सोतपण्णाणा अपरिहीणा जाव णेत्तपण्णाणा अपरि-

(जन) उसको पहले बुरा-भला कहते हैं, पीछे वह भी उन आत्मीय-(जनों) को बुरा-भला कहता है। (अतः तुम समझो कि) वे तुम्हारे सहारे के लिए या सहायता के लिए पर्याप्त नहीं (हैं)। (ध्यान रखो) तुम भी उनके सहारे के लिए या सहायता के लिए पर्याप्त नहीं (हो)। (बुढ़ापे की अवस्था में) वह (मनुष्य) मनोरंजन के लिए, क्रीड़ा के लिए, प्रेम के लिए तथा (प्रचलित)सजवाट के लिए(उपयुक्त)नहीं(रहता है।)

28. इस प्रकार (मनुष्य) (बुढ़ापे को समझकर) आश्चर्यकारी संयम के लिए सम्यक्-प्रयत्नशील (बने)। (अतः) (सचमुच ही) इस अवसर (वर्तमान मनुष्य-जीवन के संयोग) को देखकर ही धीर (मनुष्य) क्षणभर के लिए भी प्रमाद न करे। (समझो) आयु बीतती है, यौवन भी (बीतता है)। (अतः मनुष्य प्रमाद न करे)।

29. इस जीवन में जो (व्यक्ति) प्रमाद-युक्त (होते हैं), (वे आयु व्यतीत होने को समझ नहीं पाते हैं), (अतः) (वह) (प्रमादी व्यक्ति) (जीवों को) मारने वाला, छेदने वाला, भेदने वाला, (उनकी) हानि करने वाला, (उनका) अपहरण करने वाला, (उन पर) उपद्रव करने वाला (तथा) (उनको) हैरान करने वाला (होता है)। कभी नहीं किया गया (है) (ऐसा) (मैं) करूँगा, इस प्रकार विचारता हुआ (प्रमादी व्यक्ति हिंसा पर उतारू हो जाता है)।

30. हे पण्डित ! इस प्रकार प्रत्येक (जीव) के सुख-दुःख को समझकर (और) (अपनी) आयु को ही सचमुच न बीती हुई देखकर, (तू) उपयुक्त अवसर को जान।
जब तक श्रवणेन्द्रिय की ज्ञान-(शक्तियाँ) कम नहीं (होती हैं), जब तक चक्षु-इन्द्रिय की ज्ञान-(शक्तियाँ) कम नहीं (होती हैं),

हीरणा जाव घारणपण्णारणा अपरिहीणा जाव जीहपण्णारणा अपरिहीणा जाव फासरणण्णारणा अपरिहीणा, इच्चेतेहिं विरूवरूवेहिं पण्णारणेहिं अपरिहीरणेहिं आयट्ठं सम्मं समणु-वासेज्जासि त्ति बेमि ।

31 अरतिं आउट्टे से मेधावी खरणंसि मुक्के ।

32 अणाणाए पुट्ठा वि एगे रिणयट्टंति मंदा मोहेरण पाउडा ।

33 विमुक्का हु ते जणा जे जणा पारगामिरणो, लोभमलोभेरण दुगुंछमाणे लद्धे कामे णाभिगाहति ।

34 णो हीरणे, णो अतिरित्ते ।

35 जीवियं पुढो पियं इहमेगेसिं माणवारणं खेत्त-वत्थु ममायमाणारणं ।

रण एत्थ तवो वा दमो वा रिणयमो वा दिस्सति ।

36 इरणमेव णावकंखंति जे जणा धुवचारिणो ।
जाती—मरणं परिण्णाय चर संकमरणे दढे ।।
णत्थि कालस्स णागमो ।

जब तक घ्राणेन्द्रिय की ज्ञान-(शक्तियाँ) कम नहीं (होती हैं), जब तक रसनेन्द्रिय की ज्ञान-(शक्तियाँ) कम नहीं (होती हैं), जब तक स्पर्शनेन्द्रिय की ज्ञान-(शक्तियाँ) कम नहीं (होती हैं), (तब तक) इन इस प्रकार अनेक भेद (वाली) अक्षीण (इन्द्रिय) ज्ञान-(शक्तियों) द्वारा (तू) उचित प्रकार से आत्महित को सिद्ध कर ले। इस प्रकार (मैं) कहता हूं।

31. (जो) बेचैनी को (ही) समाप्त कर देता है, वह प्रज्ञावान् (होता है); (ऐसा व्यक्ति) पल भर में बन्धन रहित (हो जाता है)।

32. (आध्यात्मिक गुरु की) अनाज्ञा से ग्रस्त कुछ (साधक) ही (अन्तर्यात्रा में) रुक जाते हैं। (ऐसे) (साधक) मूर्ख (हैं) (और) आसक्ति से घिरे हुए (हैं)।

33. वे मनुष्य निश्चय ही (दुःख)-मुक्त हैं, जो मनुष्य (विषमताओं के) पार पहुँचने वाले (हैं)। (साधक) अति-तृष्णा को अतृष्णा से झिड़कता हुआ (आगे बढ़ता है), (और) प्राप्त हुए विषय भोगों का (भी) सेवन नहीं करता है।

34. (कोई) नीच नहीं (है). (कोई) उच्च नहीं (है)।

35. भूमि व धन-दौलत की इच्छा करते हुए कुछ व्यक्तियों के लिए यहाँ अलग-अलग (प्रकार का) जीवन प्रिय (है)। उन (व्यक्तियों) में तप, आत्म-नियन्त्रण और सीमा-बन्धन नहीं देखा जाता है।

36. जो लोग परम शांति के इच्छुक (हैं) (वे) इस (महत्व से उत्पन्न व्याकुलता) को बिल्कुल नहीं चाहते हैं।
(अतः) (तू) जन्म-मरण (अशान्ति) को जानकर दृढ़-संयम पर चल।
मृत्यु के लिए (किसी क्षण भी) न आना नहीं है।

सव्वे पाणा पिआउया सुहसाता दुक्खपडिकूला अप्पियवधा पियजीविणो जीवितुकामा । सव्वेसिं जीवितं पियं ।

37 तं परिगिज्झ दुपयं चउप्पयं अभिजुंजियाणं संसिंचियाणं तिविधेण जा वि से तत्थ मत्ता भवति अप्पा वा बहुगा वा से तत्थ गढिते चिट्ठति भोयणाए । ततो से एगदा विप्परिसिट्ठं संभूतं महोवकरणं भवति । तं पि से एगदा दायादा विभयंति, अदत्तहारो वा सेऽवहरति, रायाणो वा से विलुंपंति, णस्सति वा से, विणस्सति वा से, अगारदाहेण वा से डज्झति ।

इति से परस्सऽट्ठाए कूराइं कम्माइं बाले पकुव्वमाणे तेण दुक्खेण मूढे विप्परियासमुवेति ।

मुणिणा हु एतं पवेदितं ।
अणोहंतरा एते, णो य ओहं तरित्तए ।
अतीरंगमा एते, णो य तीरं गमित्तए ।
अपारंगमा एते, णो य पारं गमित्तए ।

सब (ही) प्राणी (ऐसे हैं) (जिनको) (अपने) आयु प्रिय (होते हैं), (जिनके लिए) (अपने) सुख अनुकूल (होते हैं), (अपने) दुःख प्रतिकूल (होते हैं), (अपने) वध अप्रिय (होते हैं), (अपनी) जिन्दा रहने वाली (स्थितियाँ) प्रिय होती हैं और (जो) अपने जीवन के इच्छुक (होते हैं)। सब (प्राणियों) के लिए जीवन प्रिय (होता है)।

37. तो (व्यक्ति) मनुष्य और पशु को रखकर, (उनको) कार्य में लगाकर तीनों प्रकार (किसी मनुष्य, पशु और स्वयं) के (साधनों) द्वारा (अर्थ को) बढ़ाकर (जीता है)। जो भी उसके पास उस अवसर पर अल्प या बहुत (धन की) मात्रा होती है, उसमें वह आसक्त रहता है (और) भोग के लिए (उस अर्थ को काम लेता है)।

एक समय (भोग के) बाद में बचा हुआ, उपलब्ध (धन) उसके लिए महान् साधन हो जाता है। उसको भी एक समय उसके उत्तराधिकारी बाँट लेते हैं या चोर उसका अपहरण कर लेता है या राजा उसको छीन लेते हैं या वह नष्ट हो जाता है, या वह बर्बाद हो जाता है या वह घर के दहन से जला दिया जाता है।

इस प्रकार अज्ञानी दूसरे के प्रयोजन के लिए क्रूर कर्मों को करता हुआ उनके द्वारा (प्राप्त) दुःख से व्याकुल हुआ विपरीतता (अशांति) को प्राप्त होता है।

ज्ञानी के द्वारा ही यह कहा गया (है)।

ये (अशान्ति को प्राप्त करने वाले) पार जाने में असमर्थ (होते हैं)—संसाररूपी प्रवाह में तैरने के लिये बिल्कुल (समर्थ) नहीं (हैं)। ये तीर पर जाने वाले नहीं (हैं)—तीर पर जाने के लिए बिल्कुल (समर्थ) नहीं (होते हैं)। ये पार

आयाणिज्जं च आदाय तम्मि ठाणे ण चिट्ठति ।
वितहं पप्प खेतण्णे तम्मि ठाणम्मि चिट्ठति ।

38 उद्देसो पासगस्स णत्थि ।
बाले पुण णिहे कामसमणुण्णे असमितदुक्खे दुक्खी दुक्खाणमेव आवट्टं अणुपरियट्टति त्ति बेमि ।

39 आसं च छंदं च विगिंच धीरे ।
तुमं चेव तं सल्लमाहट्टु ।
जेण सिया तेण णो सिया ।
इणमेव णावबुज्झंति जे जणा मोहपाउडा ।

40 उदाहु वीरे—अप्पमादो महामोहे, अलं कुसलस्स पमादेणं, संतिमरणं सपेहाए, भेउरधम्मं सपेहाए। णालं पास। अलं

जाने वाले नहीं (हैं)—पार जाने के लिए बिल्कुल (समर्थ) नहीं (होते हैं)। ग्रहण किए जाने के योग्य को ग्रहण करके (धूर्त व्यक्ति) उस स्थान पर नहीं ठहरता है। असत्य को प्राप्त करके धूर्त (व्यक्ति) उस स्थान पर ठहरता है।

38. द्रष्टा (समतादर्शी) के लिए (कोई) उपदेश (शेष) नहीं है। और अज्ञानी (विषमतादर्शी) आसक्ति-युक्त (होता है), भोगों का अनुमोदन करने वाला (होता है), अपरिमित दुःख के कारण दुःखी (होता है), (तथा) दुःखों के ही भँवर में फिरता रहता है। इस प्रकार (मैं) कहता हूँ।

39. हे धीर! (तू) (मनुष्यों के प्रति) आशा को और (वस्तुओं की) इच्छा को छोड़।

तू ही उस (आशा और इच्छारूपी) विष को ग्रहण करके (दुःखी होता है)।

जिस (वस्तु) के कारण (सुख-दुःख) होता है, उस (वस्तु) के कारण (सुख-दुःख) नहीं (भी) होता है। (ऐसा सोचने-समझने से मनुष्य पर से स्व की ओर लौट आता है)।

जो मनुष्य आसक्ति से ढके हुए (हैं), (वे) इस (बात) को ही नहीं समझते (हैं)।

40. महावीर ने कहा: (यदि कहीं) घोर आसक्ति में (डूबने का) (आकर्षण) (उपस्थित) (हो जाए), (तो) (उस) (समय) (जो) (व्यक्ति) प्रमाद (आसक्ति)-रहित (रहता है), (वह) (प्रशंसनीय) (होता है); कुशल (व्यक्ति) के लिए (ऐसा) (होना) पर्याप्त (है) (कि) (वह) (संसार में) प्रमाद (आसक्ति) (के बिना) (रहता है); शान्ति और मरण को देखकर (तथा) (शरीर के) नश्वर स्वभाव को देखकर (कोई भी व्यक्ति आसक्ति में न डूबे)। तू देख, (कि)

ते एतेहिं। एतं पास मुणि ! महब्भयं । णातिवातेज्ज कंचणं।

41 एस वीरे पसंसिते जे ण णिव्विज्जति आदाणाए ।

42 लाभो त्ति ण मज्जेज्जा, अलाभो त्ति ण सोएज्जा, बहुं पि लद्धुं ण णिहे। परिग्गहाओ अप्पाणं अवसक्केजा। अण्णहा णं पासए परिहरेज्जा ।

43 कामा दुरतिक्कमा। जीवियं दुप्पडिवूहगं। कामकामी खलु अयं पुरिसे, से सोयति जूरति तिप्पति पिड्डुति परितप्पति ।

44 आयतचक्खू लोगविपस्सी लोगस्स अहेभागं जाणति, उड्ढं भागं जाणति, तिरियं भागं जाणति, गढिए अणुपरियट्टमाणे।
संधि विदित्ता इह मच्चिएहिं,
एस वीरे पसंसिते जे बद्धे पडिमोयए।

45 कासंकसे खलु अयं पुरिसे, बहुमायी, कडेण मूढे, पुणो तं

(आसक्ति से) कोई लाभ नहीं (है)। (तू समझ कि) (संसार में) इन (विषयों) से तेरे लिए कोई लाभ नहीं (है)। हे ज्ञानी! (तू) इस (बात) को सीख (कि) (आसक्ति) महाभंयकर (होती है)। (हे मनुष्य!) (तू) किसी भी तरह (प्राणियों को) मत मार।

41. वह वीर प्रशंसित (होता है), जो संयम से दूर नहीं होता है।

42. (यदि) लाभ (है), (तो) मद न कर; (यदि) हानि (है), (तो) शोक मत कर; बहुत भी प्राप्त करके आसक्ति-युक्त मत (बन)। अपने को परिग्रह से दूर रख। द्रष्टा उस (संयम के योग्य परिग्रह) का विपरीत रीति (अनासक्त भाव) से परि-भोग करता है।

43. इच्छाएँ दुर्जय (होती हैं)। जीवन बढ़ाया नहीं जा सकता (है)। यह मनुष्य इच्छाओं (की तृप्ति) का ही इच्छुक (होता है), (इच्छाओं के तृप्त न होने पर) वह शोक करता है, क्रोध करता है, रोता है, (दूसरों को) सताता है (और) (उनको) नुकसान पहुँचाता है।

44. (जिसकी) आँखें विस्तृत (होती हैं), (वह) (सम्पूर्ण) लोक को देखने वाला (होता है)। (वह) लोक के नीचे भाग को जानता है। ऊर्ध्व भाग को जानता है, तिरछे भाग को जानता है, आसक्त (मनुष्य) (संसार में) फिरता हुआ (दुःखी) (होता है)। (अतः) यहां अवसर को जान कर मनुष्य के द्वारा (इच्छाओं से मुक्त होने का प्रयत्न किया जाना चाहिए), जो (इच्छाओं से) बँधे हुओं को मुक्त करता है, वह वीर प्रशंसित (होता है)।

45. सचमुच यह मनुष्य संसार में आसक्त (है), (यह) अति कपटी (है), (आसक्ति) के कारण (यह) अज्ञानी (बना है), इसलिए फिर (विषयों की) लोलुपता को करता है (और) (इस तरह)

करेति लोभं, वेरं वड्ढेति अप्पणो ।

46 जे ममाइयमतिं जहाति से जहाति ममाइतं ।
से हु दिट्ठपहे मुणी जस्स णत्थि ममाइतं ।

47 णारतिं सहती वीरे, वीरे णो सहती रतिं ।
जम्हा अविमणे वीरे तम्हा वीरे ण रज्जति ।।

48 जे अणण्णदंसी स अणण्णारामे, जे अणण्णारामे से अणण्णदंसी ।

49 उड्ढं अहं तिरियं दिसासु, से सव्वतो
सव्वपरिण्णाचारी ण लिप्पति छणपदेण वीरे ।

50 से मेघावी जे अणुग्घातणस्स खेत्तण्णे जे य बंधपमोक्ख-
मण्णेसी ।

(यह) (संसार में) अपने लिए दुश्मनी बढ़ाता है।

46. जो ममतावाली वस्तु-बुद्धि को छोड़ता है, वह ममतावाली वस्तु को छोड़ता है; जिसके लिए (कोई) ममतावाली वस्तु नहीं है, वह ही (ऐसा) ज्ञानी है, (जिसके द्वारा) (अध्यात्म)-पथ जाना गया है।

47. वीर (ऊर्ध्वगामी ऊर्जावाला व्यक्ति) (मूल्यों से) विकर्षण (अलगाव) को (समाज के जीवन में) सहन नहीं करता है, (तथा) वीर (पशु-प्रवृत्तियों के प्रति) आकर्षण (लगाव) को भी (समाज के जीवन में) सहन नहीं करता है। चूंकि वीर (किसी भी विपरीत परिस्थिति में) खिन्न नहीं (होता है), इसलिए वीर (किसी भी अनुकूल परिस्थिति में) खुश नहीं होता है। (वास्तव में वह समताभाव में स्थित रहता है)।

48. जो (मनुष्य) समतामयी (आत्मा) के दर्शन करने वाला (है), वह अनुपम प्रसन्नता में (रहता है), जो (मनुष्य) अनुपम प्रसन्नता में (रहता है), वह समतामयी (आत्मा) के दर्शन करने वाला (है)।

49. वह ऊँची, नीची (और) तिरछी दिशाओं में सब ओर से पूर्ण जागरूकता से चलने वाला (होता है)। (अतः) (वह) वीर (ऊर्ध्वगामी ऊर्जा वाला) हिंसा-स्थान के साथ (अप्रमादी होने के कारण) संलग्न नहीं किया जाता है।

50. जो भी (कर्म)-बंधन और (कर्म से) छुटकारे के विषय में खोज करने वाला (होता है), जो आघातरहितता (अहिंसा) को जानने वाला (होता है), वह मेधावी (शुद्ध बुद्धि) (होता है)।

कुशल (जागरूक) (व्यक्ति) न (कर्मों से) बंधा हुआ (है) और न (कर्मों से) मुक्त किया गया (है)। (आत्मानुभवी

कुसले पुरण णो बद्धे णो मुक्के ।
से जं च आरभे, जं च णारभे, अणारद्धं च ण आरभे ।

51 सुत्ता अमुणी मुणिणो सया जागरंति ।

52 जस्सिमे सद्दा य रूवा य गंधा य रसा य फासा य अभिसम-
ण्णागता भवंति से आतवं णाणवं वेयवं धम्मवं बंभवं ।

53 पासिय आतुरे पाणे अप्पमत्तो परिव्वए ।
मंता एयं मतिमं पास,
आरंभजं दुक्खमिणं ति णच्चा,
मायी पमायी पुणरेति गब्भं ।
उवेहमाणो सद्द—रूवेसु अंजू माराभिसंकी मरणा पमुच्चति ।

54 अप्पमत्तो कामेहिं, उवरतो पावकम्मेहिं, वीरे आतगुत्ते
खेयण्णे ।

बंधन और मुक्ति के विकल्पों से परे होता है)।
वह (कुशल) जिस (काम) को भी करता है, (व्यक्ति व समाज उसको ही करे)। (वह) जिस (काम) को बिल्कुल नहीं करता है, (व्यक्ति व समाज) (कुशलपूर्वक) नहीं किए हुए (काम) को बिल्कुल न करे।

51. अज्ञानी (सदा) सोए हुए अध्यात्ममार्ग को भूले हुए) (हैं), ज्ञानी सदा जागते हैं (अध्यात्ममार्ग में स्थित)हैं।

52. जिसके द्वारा ये शब्द, रूप, गंध, रस और स्पर्श (द्रष्टाभाव से) अच्छी तरह जाने गए होते हैं, वह आत्मवान्, ज्ञानवान्, वेदवान्, धर्मवान् (और) ब्रह्मवान् (होता है)।

53. पीड़ित प्राणियों को देखकर (तू) अप्रमादी (होकर) गमन कर। (यहाँ) (प्राणी) (पीड़ा में) चीखते हुए (दिखाई देते हैं)। हे बुद्धिमान्! इसको (तू) देख।

यह पीड़ा हिंसा से उत्पन्न होने वाली (है), (तथा) माया-युक्त और प्रमादी (व्यक्ति) गर्भ में बार-बार आता है, इस प्रकार जानकर (तू अप्रमादी बन)।

शब्द और रूप की उपेक्षा करता हुआ (मनुष्य) संयम में तत्पर (हो जाता है) (तथा) (बार-बार) मरण से डरने वाला मरण से छुटकारा पा जाता है।

54 (जो) इच्छाओं में मूर्च्छा रहित (होता है) (तथा) पाप-कर्मों से मुक्त (होता है), (वह) वीर (ऊर्ध्वगामी ऊर्जा वाला) (होता है), आत्म-रक्षित (तथा) (द्रष्टाभाव से) जानने वाला (होता है)।

जे पज्जवजातसत्थस्स खेतण्णे से असत्थस्स खेतण्णे। जे असत्थस्स खेतण्णे से पज्जवजातसत्थस्स खेतण्णे।

55 अकम्मस्स ववहारो ण विज्जति।
कम्मुणा उवाधि जायति

56 कम्मं च पडिलेहाए कम्ममूलं च जं छणं, पडिलेहिय सव्वं समायाय दोहिं अंतेहिं अदिस्समाणे।

57 अग्गं च मूलं च विगिंच धीरे, पलिछिंदियाणं णिक्कम्मदंसी।

58 लोगंसि परमदंसी विवित्तजीवी उवसंते समिते सहिते सदा जते कालकंखी परिव्वए।

59 सच्चंसि धितिं कुव्वह। एत्थोवरए मेहावी सव्वं पावं कम्मं झोसेति।

जो पर्यायों से उत्पन्न (दृष्टिरूपी) शस्त्र का जानने वाला (है) वह अशस्त्र (द्रव्य-दृष्टि) का जानने वाला है। जो अशस्त्र (द्रव्य-दृष्टि) का जानने वाला (है), वह पर्यायों से उत्पन्न (दृष्टिरूपी) शस्त्र का जानने वाला (है) [पर्याय-दृष्टि, द्रव्य-दृष्टि की नाशक होती है, इसलिए पर्याय-दृष्टि को शस्त्र कहा है]।

55 कर्मों से रहित (व्यक्ति) के लिए (कोई) सामान्य, लोक प्रचलित आचरण नहीं होता है। उपाधि (विभेदक गुण) कर्मों से उत्पन्न होती है/होता है।

56 (जो मनुष्य) कर्म को ही देखकर तथा जो हिंसा कर्म का आधार (है) (उसको) देखकर पूर्ण (संयम) को ग्रहण करके (रहता है), (वह) दोनों अंतों (राग-द्वेष, शुभ-अशुभ) के द्वारा नहीं कहा जाता हुआ (होता है) अर्थात् वह दोनों अंतों से परे हो जाता है।

57 हे धीर! (तू) (विषमता के) प्रतिफल और आधार का निर्णय कर। (तथा) (उसका) छेदन करके कर्मों से रहित (अवस्था) का अर्थात् समता का देखने वाला (बन)।

58 (जो) लोक में परम-तत्त्व को देखने वाला है, (वह) (वहाँ) विवेक-युक्त जीने वाला (होता है), तनाव-मुक्त (होता है), समतावान् (होता है), कल्याण करने वाला (होता है), सदा जितेन्द्रिय (होता है), (कार्यों के लिए) उचित समय को चाहने वाला (होता है), (तथा) (वह) (अनासक्ति-पूर्वक) (वहाँ) गमन करता है।

59 (तुम सब) सत्य में धारणा करो। यहां पर (सत्य में) ठहरा हुआ मेधावी (शुद्ध बुद्धि वाला) सब पाप-कर्मों को क्षीण कर देता है।

60 अरणेगचित्ते खलु अयं पुरिसे, से केयरणं अरिहइ पूरइत्तए ।

61 रिणस्सारं पासिय रणारणी ।

उववायं चयरणं रणच्चा अरणण्णं चर माहरणे ।
से रण छरणे, न छरणावए, छरणंतं णाणुजारणति ।

62 क्रोधादिमारणं हरिणया य वीरे, लोभस्स पासे रिणरयं महंतं ।
तम्हा हि वीरे विरते वधातो, छिंदिज्ज सोतं लहुभूयगामी ।

63 गंथं परिण्णाय इहऽज्ज वीरे, सोयं परिण्णाय चरेज्ज दंते ।
उम्मुग्ग लद्धुं इह माणवेहिं, रणो पाणिरणं पारणे समारभेज्जासि ।

64 समयं तत्थुवेहाए अप्पारणं विप्पसादए ।
अरणण्णपरमं रणारणी णो पमादे कयाइ वि ।

60 यह मनुष्य सचमुच अनेक चित्तों को (धारण करता है)। (आत्म-दृष्टि के उदय हुए बिना मनुष्य का शान्ति के लिए दावा करना ऐसे ही है जैसे कि) वह चलनी को (पानी से) भरने के लिए दावा करता है। [जैसे चलनी को पानी से भरा नहीं जा सकता है, उसी प्रकार चित्त-भूमि पर तनाव-मुक्ति सम्भव नहीं है]।

61 हे ज्ञानी! (जीवन में) निस्सार (अवस्था) को देखकर (तू समझ)। हे अहिंसक! (दुःख पूर्ण) जन्म-मरण को जानकर समता का आचरण कर।

वह (समता का आचरण करने वाला) न हिंसा करता है, न हिंसा कराता है, (और) न हिंसा करते हुए का अनुमोदन करता है।

62 क्रोध आदि को (तथा) अहंकार को सर्वथा नष्ट करके वीर प्रचण्ड नरक (मय) लोभ को (द्रष्टाभाव से) देखता है, इस-लिए ही (कषायों का भार हटने के कारण) हलका होकर गमन करने वाला वीर हिंसा से मुक्त हुआ (संसार)-प्रवाह को नष्ट कर देता है।

63 परिग्रह को (द्रष्टाभाव से) जानकर (तथा) (संसार)-प्रवाह को (भी) (द्रष्टाभाव से) जानकर वीर यहाँ आज (ही) आत्म-नियन्त्रित (होकर) व्यवहार करे। (अतः) (तू) मनुष्य होने के कारण (संसार-सागर से) बाहर निकलने के (अवसर को) प्राप्त करके यहाँ प्राणियों के प्राणों की हिंसा मत कर।

64 वहाँ (जीवन में) समता को (मन में) धारण करके (व्यक्ति) स्वयं को प्रसन्न करे।

आतगुत्ते सदा वीरे जातामाताए जावए ।
विरागं रूवेहिं गच्छेज्जा महता खुड्डएहिं वा ।
आगति गति परिण्णाय दोहिं वि अंतेहिं अदिस्समाणेहिं से ण छिज्जति, ण भिज्जति, ण डज्झति, ण हम्मति कंचणं सव्वलोए ।

65 अवरेण पुव्वं ण सरंति एगे किमस्स तीतं किं वाऽऽगमिस्सं ।
भासंति एगे इह माणवा तु जमस्स तीतं तं आगमिस्सं ।
णातीतमट्ठं ण य आगमिस्सं अट्ठं णियच्छंति तथागता उ ।
विधूतकप्पे एताणुपस्सी णिज्झोसइत्ता ।

66 पुरिसा ! तुममेव तुमं मित्तं, किं बहिया मित्तमिच्छसि ?
जं जाणेज्जा उच्चालयितं तं जाणेज्जा दूरालयितं, जं जाणेज्जा दूरालइतं तं जाणेज्जा उच्चालयितं ।

अद्वितीय परम-(तत्व) के प्रति ज्ञानी कभी भी प्रमाद न करे। वीर सदा आत्मा से संयुक्त (रहे) (तथा) केवल (संयम)-यात्रा के लिए शरीर का प्रतिपालन करे।

(वह) बड़े और छोटे रूपों से विरक्ति करे।

(जो) (संसार में) आने और (संसार से) जाने को (द्रष्टा-भाव से) जानकर (लोक में विचरण करता है), (जो) दोनों ही अन्तों द्वारा समझा जाता हुआ (समझा जाने वाला) नहीं होने के कारण (द्वन्द्व से परे रहता है), वह लोक में कहीं भी (किसी के द्वारा) थोड़ा-सा (भी) न छेदा जाता है, न भेदा जाता है, न जलाया जाता है, तथा न मारा जाता है।

65 कुछ लोग भविष्य के (साथ-साथ) पूर्वगामी (अतीत) को मन में नहीं लाते हैं, इसका अतीत क्या (था)? और (इसका) भविष्य क्या (होगा)?

किन्तु, कुछ मनुष्य यहाँ कहते हैं (कि) इसका जो अतीत (था) वह (ही) (इसका) भविष्य (होगा)।

इसके विपरीत वीतराग न अतीत-प्रयोजन को तथा न भविष्य-प्रयोजन को देखते हैं।

अब (वर्तमान) को देखने वाला सम्यक्स्पृष्ट (समतामयी) आचरण के द्वारा कर्मों का नाश करने वाला (होता है)।

66 हे मनुष्य! तू ही तेरा मित्र (है), (तू) बाहर की ओर मित्र की तलाश क्यों करता है?

जिसे (तुम) ऊँचे (आध्यात्मिक मूल्यों) में जमा हुआ जानो, उसे (तुम) (आसक्ति से) दूरी पर जमा हुआ जानो, जिसे (तुम) (आसक्ति से) दूरी पर जमा हुआ जान लो, उसे (तुम) ऊँचे (आध्यात्मिक मूल्यों) में जमा हुआ जानो।

67 पुरिसा ! अत्ताणमेव अभिणिगिज्झ, एवं दुक्खा पमोक्खसि ।

68 पुरिसा ! सच्चमेव समभिजाणाहि । सच्चस्स आणाए से उवट्ठिए मेधावी मारं तरति ।

सहिते धम्ममादाय सेयं समणुपस्सति ।

सहिते दुक्खमत्ताए पुट्ठो णो झंझाए ।

69 जे एगं जाणति से सव्वं जाणति, जे सव्वं जाणति से एगं जाणति ।

सव्वतो पमत्तस्स भयं, सव्वतो अप्पमत्तस्स णत्थि भयं । जे एगणामे से बहुणामे, जे बहुणामे से एगणामे ।

दुक्खं लोगस्स जाणित्ता, वंता लोगस्स संजोगं, जंति वीरा महाजाणं ।

परेण परं जंति, णावकंखंति जीवितं ।

एगं विगिंचमाणे पुढो विगिंचइ, पुढो विगिंचमाणे एगं विगिंचइ सड्ढी आणाए मेधावी ।

67 हे मनुष्य ! (तू) (अपने) मन को ही रोककर (जी)। इस प्रकार (तू) दुख से (ही) छूट जायगा।

68 हे मनुष्य ! (तू) सत्य का ही निर्णय कर। (जो) सत्य की आज्ञा में उपस्थित (है), वह मेधावी मृत्यु को जीत लेता है। सुन्दर चित्तवाला (संयम-युक्त) (व्यक्ति) धर्म (अध्यात्म) को ग्रहण करके श्रेष्ठतम को भलीभाँति देखता (अनुभव करता) है।

दुःख की मात्रा से ग्रस्त (व्यक्ति) (जो) सुन्दर चित्तवाला (संयम-युक्त) (होता है) (वह) व्याकुलता में नहीं (फँसता है)।

69 जो अनुपम (आत्मा) को जानता है, वह सब (विषमताओं) को जानता है; जो सब (विषमताओं) को जानता है, वह अनुपम (आत्मा) को जानता है।

प्रमादी (विषमताधारी) के लिए सब ओर से भय (होता है), अप्रमादी (समताधारी) के लिए किसी ओर से भय नहीं (होता है)।

जो एक (मोह) को झुकाता है, वह बहुत (कषायों) को झुकाता है। जो बहुत (कषायों) को झुकाता है, वह एक (मोह) को झुका देता है।

प्राणी-समूह के दुःख को जानकर (तू) (समता का आचरण कर), संसार के प्रति ममत्व को (मन से) बाहर निकाल कर वीर (समतारूपी) महापथ पर चलते हैं।

(वे) आगे से आगे चलते जाते हैं, (और) (आसक्ति-युक्त) जीवन को नहीं चाहते हैं।

केवल मात्र (हिंसा-दोष) को दूर हटाता हुआ (व्यक्ति) एक-

लोगं च आणाए अभिसमेच्चा अकुतोभयं ।
अत्थि सत्थं परेण परं, णत्थि असत्थं परेण परं ।

70 जे कोहदंसी से माणदंसी, जे माणदंसी से मायदंसी,
जे मायदंसी से लोभदंसी, जे लोभदंसी से पेज्जदंसी,
जे पेज्जदंसी से दोसदंसी, जे दोसदंसी से मोहदंसी,
जे मोहदंसी.......... ....से दुक्खदंसी ।

एक करके (दूसरे दोषों को) दूर हटा देता है। एक-एक करके (दूसरे दोषों को) दूर हटाता हुआ (व्यक्ति), केवल मात्र (हिंसा-दोष) को (ही) दूर हटा देता है। (अहिंसा-समता धर्म की) आज्ञा (सलाह) में श्रद्धा रखने वाला शुद्ध बुद्धि वाला (होता है)।

प्राणी-समूह को ही (समतादर्शी) की आज्ञा से जानकर (जो) (व्यक्ति अहिंसा का पालन करता है) (वह) निर्भय (हो जाता है)।

शस्त्र तेज से तेज होता है, अशस्त्र तेज से तेज नहीं होता है [हिंसा तीव्र से तीव्र होती है, अहिंसा सरल होती है]

70 जो (व्यक्ति) क्रोध को समझने वाला (होता है); वह (उसके) (मूल में स्थित) अहंकार को समझने वाला (हो जाता है); जो (व्यक्ति) अहंकार को समझने वाला (होता है), वह (उससे) (उत्पन्न) मायाचार को समझने वाला (हो जाता है);

जो (व्यक्ति) मायाचार को समझने वाला (होता है), वह (उसके) (मूल में स्थित) लोभ को समझने वाला (हो जाता है);

जो (व्यक्ति) लोभ को समझने वाला (होता है), वह (उसके) (मूल में स्थित) राग को समझने वाला (हो जाता है); जो (व्यक्ति) राग को समझने वाला (होता है), वह (उससे) (उत्पन्न) द्वेष को समझने वाला हो जाता है;

जो (व्यक्ति) (राग) (और) द्वेष को समझने वाला (होता है), वह (उसके) (मूल में स्थित) आसक्ति को समझने वाला (हो जाता है);

जो (व्यक्ति) आसक्ति को समझने वाला (होता है) वह

71 किमत्थि उवधी पासगस्स, ण विज्जति ? णत्थि त्ति बेमि ।

72 सव्वे पाणा सव्वे भूता सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा, ण अज्जावेतव्वा, ण परिघेत्तव्वा, ण परितावेयव्वा, ण उद्दवेयव्वा ।
एस धम्मे सुद्धे णितिए सासए समेच्च लोयं खेतण्णेहिं पवेदिते ।

73 णो लोगस्सेसणं चरे ।

74 णाऽणागमो मच्चुमुहस्स अत्थि ।
इच्छापणीता वंकाणिकेया कालग्गहीता णिचये णिविट्ठा पुढो पुढो जाइं पकप्पेंति ।

75 उवेहेणं वहिता य लोकं। से सव्वलोकंसि जे केइ विण्णू- अणुवियि पास णिक्खित्तदंडा जे केई सत्ता पलियं चयंति णरा मुतच्चा धम्मविदु त्ति अंजू आरंभजं दुक्खमिणं ति णच्चा ।

(उससे) (उत्पन्न) (विभिन्न प्रकार के) दुःख को समझने वाला (हो जाता है)।

71 क्या द्रष्टा का (कोई) नाम है (या) नहीं है ? नहीं है, इस प्रकार मैं कहता हूं।

72 कोई भी प्राणी, कोई भी जन्तु, कोई भी जीव, कोई भी प्राणवान् मारा नहीं जाना चाहिए, शासित नहीं किया जाना चाहिए, गुलाम नहीं बनाया जाना चाहिए, सताया नहीं जाना चाहिए, (और) अशान्त नहीं किया जाना चाहिए। यह (अहिंसा) धर्म शुद्ध (है), नित्य (है), और शाश्वत (है), (यह धर्म) जीव-समूह को जानकर कुशल (व्यक्तियों) द्वारा कथित (है)।

73 (मूल्यों का साधक) लोक द्वारा (प्रशंसित होने के लिए) इच्छा न करें।

74 (व्यक्तियों के लिए) मृत्यु के मुख में न आना नहीं है (अर्थात् मृत्यु के मुख में आना अवश्यम्भावी है), (फिर भी) (वे) इच्छाओं द्वारा (ही) (कार्यों में) उपस्थित (होते हैं) वे (ऐसे हैं) (जिनके) (मनरूपी) घर कुटिल (होते हैं) (यद्यपि) वे मृत्यु द्वारा पकड़े हुए (हैं), फिर भी (वे) संग्रह में आसक्त (होते हैं)। (अतः) (वे) अलग-अलग (प्रकार के) जन्म को धारण करते हैं।

75 इस लोक में (जो) (व्यक्ति) (अहिंसा की परिधि से) बाहर (है), (उसके) (अज्ञान को) (तू) ठीक समझ। जो कोई (अहिंसा की परिधि में है), वह समस्त (मनुष्य) लोक में बुद्धिमान है। (तू) बड़ी सावधानी से समझ (कि) जो कोई (व्यक्ति) कर्म- (समूह) को दूर हटाते हैं, (वे) (ही) (ऐसे) प्राणी (मनुष्य) हैं (जिनके) (द्वारा) (विभिन्न प्रकार की)

एवमाहु सम्मत्तदंसिणो । ते सव्वे पावादिया दुक्खस्स कुसला परिण्णमुदाहरंति इति कम्मं परिण्णाय सव्वसो ।

76 इह आणाकंखी पंडिते अणिहे एगमप्पाणं सपेहाए धुणे सरीरं, कसेहि अप्पाणं, जरेहि अप्पाणं । जहा जुन्नाइं कट्ठाइं हव्ववाहो पमत्थति एवं अत्तसमाहिते अणिहे ।

77 विगिंच कोहं अविकंपमाणे इमं निरुद्धाउयं सपेहाए । दुक्खं च जाण अदुवाऽऽगमेस्सं । पुढो फासाइं च फासे । लोयं च पास विप्फंदमाणं ।
जे णिव्वुडा पावेहिं कम्मेहिं अणिदाणा ते वियाहिता । तम्हाऽतिविज्जो णो पडिसंजलेज्जासि त्ति बेमि ।

78 णेत्तेहिं पलिछिण्णेहिं आताणसोतगढिते बाले अव्वोच्छिण्ण-

हिंसा छोड़ दी गई है। (जिनकी) चित्तवृत्तियाँ समाप्त हुई (हैं), (ऐसे) (अनासक्त) मनुष्य अध्यात्म के जानकार (होते हैं) और (वे) सरल (अकुटिल) (होते हैं)। दुःख हिंसा से उत्पन्न (होता है), इस प्रकार इस (बात) को जानकर (मनुष्य अनासक्ति का अभ्यास करे)।

ऐसा समत्वदर्शियों ने कहा। इस प्रकार कर्म- (समूह) को सब प्रकार से जानकर वे सभी कुशल व्याख्याता दुःख के (कारणभूत) ज्ञान का कथन करते हैं।

76 हे (समतादर्शी की) आज्ञा (पालन) के इच्छुक, बुद्धिमान् (व्यक्ति)! (तू) यहाँ अनासक्त (हो जा), अनुपम आत्मा को (ही) देखकर (कर्म)-शरीर को दूर हटा, अपने को नियन्त्रित कर (और) आत्मा में घुल जा।

जैसे अग्नि जीर्ण (सूखी) लकड़ियों को नष्ट कर देती है, इसी प्रकार आत्मा में लीन, अनासक्त (व्यक्ति) (राग-द्वेष को नष्ट कर देता है)।

77 आयु सीमित (है); इस (बात) को समझकर (तू) निश्चल रहता हुआ क्रोध को छोड़। और (आसक्ति से) आगामी अथवा (वर्तमान) दुःख को (तू) जान। तथा (आसक्त) (मनुष्य) विभिन्न दुःखों को प्राप्त करता है। और (दुःखों से) तड़फते हुए लोक को (तू) देख।

जो पाप कर्मों से मुक्त (है),वे निदानरहित(स्वार्थपूर्ण प्रयोजन-रहित) कहे गये (हैं)। इसलिए महान् ज्ञानी (अनासक्त होते हैं)। (तू) (उनका अनुसरण कर) (और) (इन्द्रियों को) उत्ते-जित मत कर, इस प्रकार मैं कहता हूं।

78 (जो) परिसीमित (संयमित) नेत्रों (इन्द्रियों) के होने पर (भी) इन्द्रियों के प्रवाह में आसक्त (हो जाता है), (वह)

वंधणे अणभिक्कंतसंजोए ।
तमंसि अविजाणओ आणाए लंभो णत्थि त्ति वेमि ।

79 जस्स णत्थि पुरे पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया ?
से हु पन्नाणमंते वुद्धे आरंभोवरए ।
सम्ममेतं ति पासहा ।
जेण वंधं वहं घोरं परितावं च दारुणं ।
पलिछिंदिय वाहिरगं च सोतं णिक्कम्मदंसी इह मच्चिएहिं ।
कम्मुणा सफलं दट्ठुं ततो णिज्जाति वेदवी ।

80 जे खलु भो वीरा समिता सहिता सदा जता संथडदंसिणो

अज्ञानी (होता है)। (इसके फलस्वरूप) (उसके) कर्म-वन्धन विना टूटे हुए (रहते हैं) (और) (उसके) (विभाव) संयोग विना नष्ट हुए (रहते हैं)।

(इन्द्रिय विषयों में रमने की आदत के वशीभूत होकर) (धीरे-धीरे) (वह) अन्धकार (इन्द्रिय आसक्ति) के प्रति अनजान (होता जाता है)। (ऐसे व्यक्ति के लिए) (समता-दर्शी के) उपदेश का (कोई) लाभ नहीं (होता है)। इस प्रकार मैं कहता हूं।

79 जिसके पूर्व में (स्थित) (आसक्तियाँ) (तथा) (उनके कारण) बाद में (होने वाली इच्छाएँ) विद्यमान नहीं हैं (समाप्त हो चुकी हैं), उसके मध्य में (आसक्तियाँ) कहाँ से होंगी ? वह (ऐसा व्यक्ति) ही प्रज्ञावान, बुद्ध और हिंसा से विरत (होता है)।

इस प्रकार तुम (सब) समझो (कि) यह सत्य (है)। जिस (आसक्ति) के कारण (व्यक्ति) कर्म-बन्धन को (ग्रहण करता है), हत्या और निर्दयता में (रत रहता है) और घोर दुःख (पाता है), (उस) (आसक्ति के कारण) वाहर की ओर (जाने वाली) ज्ञानेन्द्रिय समूह को ही (विषयों से) हटाकर (व्यक्ति) (चले)। और (वास्तव में) यहाँ मनुष्यों में से (अपने में ही) निष्कर्म (कर्मरहित अवस्था) को अनुभव करने वाला (ज्ञानी होता है)।

(सदैव) कर्म के साथ (रहने वाले) (सुख-दुःखात्मक) फल को देखकर समझदार (व्यक्ति) (शिक्षा ग्रहण करता है) (और) इसलिए (वह) (अपने को) (आसक्ति से) दूर ले जाता है।

80 अरे ! जो निश्चय ही वीर (थे), रागादिरहित (थे), हित-कारी (थे), जितेन्द्रिय (थे), गहरी अनुभूति वाले (थे), शरीर

आतोवरता अहा तहा लोगं उवेहमारणा पाईरणं पडीणं दाहिणं उदीरणं इति सच्चंसि परिविचिट्ठिसु ।

81 गुरू से कामा । ततो से मारस्स अंतो । जतो से मारस्स अंतो ततो से दूरे ।

82 रणेव से अंतो णेव से दूरे ।
से पासति फुसितमिव कुसग्गे पणुण्णं रिणवतितं वातेरितं ।
एवं बालस्स जीवितं मंदस्स अविजारणतो ।

83 संसयं परिजाणतो संसारे परिण्णाते भवति, संसयं अपरिजारणतो संसारे अपरिण्णाते भवति ।

84 उट्ठिते रणो पमादए ।

85 से पुव्वं पेतं पच्छा पेतं भेउरधम्मं विद्धंसरणधम्मं अधुवं अरिणतियं असासतं चयोवचइयं विप्परिरणामधम्मं । पासह एयं रूवसंधि ।

86 आवंती केआवंती लोगंसि परिग्गहावंती, से अप्पं वा बहुं वा

से विरत (थे), उचित प्रकार से लोक को जानते हुए (स्थित थे), अतः वे पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण (दिशा) में सत्य में स्थित हुए।

81 उसकी (मूर्च्छित की) इंच्छाएं तीव्र (होती हैं)। इसलिए वह अनिष्ट/अहित के समीप (होता है)। चूंकि वह अनिष्ट/अहित के समीप (होता है), इसलिए वह (समता/शांति से) दूर (होता है)।

82 वह (अनासक्त मनुष्य) (अहित के) समीप नहीं (होता है), (इसलिए) वह (शान्ति/समता से) दूर नहीं (रहता है)। वह (जीवन को) कुश के नोक पर वायु द्वारा हिलते हुए, नीचे गिरते हुए (तथा) मिटाए हुए (जल) विन्दु की तरह देखता है। अज्ञानी और मूर्ख के द्वारा जीवन इस प्रकार (नहीं देखा जाता है); (उसके द्वारा) (ऐसा) नहीं जानने से (वह) (सदैव) (मूर्च्छित बना रहता है)।

83 (संसार के विषय में) संशय को समझने से संसार जाना हुआ (होता है), (संसार के बिषय में) संशय को नहीं समझने से संसार जाना हुआ नहीं होता।

84 (जो) प्रमाद (विषमता) नहीं करता है, (वह) (समता में) प्रगति किया हुआ (होता है)।

85 (तुम) इस देह-संगम को देखो। (यह) (किसी के) पहले छूटा (या) (किसी के) बाद में छूटा (किन्तु यह छूटता अवश्य है)। (इसका) (तो) नश्वर स्वभाव (है), (इसका) (तो) स्वभाव विनाश (मय) (है), यह अध्रुव (है), अनित्य (है), अशाश्वत (है), बढने (वाला) और क्षय वाला है, (तथा) परिणमन (इसका) स्वभाव (है)।

86 इस लोक में जितने (भी) (मनुष्य) परिग्रह-युक्त (हैं), (वे)

अणुं वा थूलं वा चित्तमंतं वा अचित्तमंतं वा, एतेसु चेव परिग्गहावती।
एतदेवेगेसिं महब्भयं भवति।
लोगवित्तं च णं उवेहाए।
एते संगे अविजाणतो।

87 से सुतं च मे अज्झत्थं च मे—बंधपमोक्खो तुज्झऽज्झत्थेव।

88 समियाए धम्मे आरिएहिं पवेदिते।
89 इमेण चेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण वज्झतो? जुद्धारिहं खलु दुल्लभं।

90 जं सम्मं ति पासहा तं मोणं ति पासहा, जं मोणं ति पासहा तं सम्मं ति पासहा।

91 उण्णतमाणे य णरे महता मोहेण मुज्झति।

92 वितिगिंछसमावन्नेणं अप्पाणेणं णो लभति समाधिं।

(आसक्ति के कारण) (परिग्रही कहे जाते हैं)। वह (मनुष्य-समूह) (जो) थोड़ी या वहुत, छोटी या वड़ी, सजीव या निर्जीव (वस्तु) को (ममता से) (रखता है); इनमें ही ममत्व-युक्त (कहा जाता है)। इसलिए ही (उन) कई (मनुष्यों) में महाभय उत्पन्न होता है। (इस वात को) (व्यक्ति) लोक-आचरण को देखकर ही (समझे)। इन आसक्तियों को नहीं समझने से (व्यक्ति) (भयभीत रहता है)।

87 मेरे द्वारा (यह) सुना गया (है) और मेरे द्वारा आत्म-संवंधी (यह ज्ञान प्राप्त किया गया है) कि वंध (अशान्ति) और मोक्ष (शान्ति) तेरे (अपने) मन में ही (होता है)/(होती है)।

88 तीर्थङ्करों द्वारा समता में धर्म कहा गया (है)।

89 इस (मानसिक विषमता) के साथ ही युद्ध कर, तुम्हारे लिए वाहर (व्यक्तियों) से युद्ध करने से क्या लाभ? (विषमता के साथ) युद्ध करने के योग्य (होना) निश्चय ही दुर्लभ (है)।

90 इस प्रकार (तुम) (सव) जानो (कि) जो (मानसिक) समता (है) अर्थात् द्वन्द्वातीत अवस्था है, वह मौन में (ही) (प्रकट होती है)। अतः (तुम) (सव) (इस वात को) समझो। इस प्रकार (तुम) (सव) जानो (कि) जो मौन में (स्थित है), वह (मानसिक) समता में (स्थित है) अर्थात् द्वन्द्वातीत अवस्था में स्थित है। अतः (तुम) (सव) (इस वात को) समझो।

91 उत्थान का अहंकार होने पर ही मनुष्य तीव्र मोह (आसक्ति) के कारण मूढ़ वन जाता है।

92 (अपने) मन में (अध्यात्म के प्रति) ग्रहण किए हुए संदेह के कारण (मनुष्य) समाधि (अवस्था) को प्राप्त नहीं कर पाता है।

93 से उट्ठितस्स ठितस्स गतिं समणुपासह।
एत्थ वि बालभावे अप्पाणं णो उवदंसेज्जा।

94 तुमं सि णाम तं चेव जं हंतव्वं ति मण्णसि,
तुमं सि णाम तं चेव जं अज्जावेतव्वं ति मण्णसि,
तुमं सि णाम तं चेव जं परितावेतव्वं ति मण्णसि,
तुमं सि णाम तं चेव जं परिघेतव्वं ति मण्णसि,
एवं तं चेव जं उद्दवेतव्वं ति मण्णसि।
अंजू चेयं पडिबुद्धजीवी। तम्हा ण हंता, ण वि घातए।
अणुसंवेयणमप्पाणेणं, जं हंतव्वं णाभिपत्थए।

95 जे आता से विण्णाता, जे विण्णाता से आता। जेण विजाणति से आता। तं पडुच्च पडिसंखाए। एस आतावादी समियाए परियाए वियाहिते त्ति बेमि।

93 (अध्यात्म में) प्रगति किए हुए (और) दृढ़ता-पूर्वक (उसमें) लगे हुए (व्यक्ति) की अवस्था को (तुम) देखो। (और) (इसलिए) यहां अपने को मोहित (मूर्च्छित) अवस्था में बिल्कुल मत दिखलाओ।

94 देख! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) मारे जाने योग्य मानता है।

देख! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) शासित किए जाने योग्य मानता है।

देख! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) सताए जाने योग्य मानता है।

देख! निस्सन्देह तू वह ही है जिसको (तू) गुलाम बनाए जाने योग्य मानता है।

इसी प्रकार (देख!) (निस्सन्देह) (तू) वह ही (है) जिसको (तू) अशान्त किए जाने योग्य मानता है।

जागरूक (होकर) ही जीने वाला (व्यक्ति) सरल (होता है)। इसलिए (वह) (स्वयं) न हिंसा करने वाला (होता है) और न ही (वह) दूसरों से हिंसा करवाता है। अपने द्वारा (किए हुए कर्मों को) (अपने को) भोगना (पड़ता है), (इसलिए) जिसको (तू) (किसी भी कारण से) मारे जाने योग्य (मानता है), (उसकी) (तू) इच्छा मत कर।

95 जो आत्मा (है), वह जानने वाला (है), जो जानने वाला (है) वह आत्मा (है)। जिससे (मनुष्य) जानता है, वह आत्मा (है)। उसको आधार बनाकर (ही) (प्रत्येक व्यक्ति) (आत्मा शब्द का) व्यवहार करता है। यह आत्मवादी समता का रूपान्तरण कहा गया (है)। इस प्रकार (मैं) कहता हूँ।

96 अणाणाए एगे सोवट्ठाणा, आणाए एगे णिरुवट्ठाणा। एतं ते मा होतु।

97 सव्वे सरा नियट्टंति,
तक्का जत्थ ण विज्जति,
मती तत्थ ण गाहिया।
ओए अप्पतिट्ठाणस्स खेत्तण्णे।
से ण दीहे, ण हस्से, ण वट्टे, ण तंसे, ण चउरंसे,
ण परिमंडले, ण किण्हे, ण णीले, ण लोहिते, ण हालिद्दे,
ण सुक्किले, ण सुरभिगंधे, ण दुरभिगंधे, ण तित्ते,
ण कडुए, ण कसाए, ण अंबिले, ण महुरे, ण कक्खडे,
ण मउए, ण गरुए, ण लहुए, ण सीए, ण उण्हे,
ण णिद्धे, ण लुक्खे, ण काऊ, ण रुहे, ण संगे, ण इत्थी,
ण पुरिसे, ण अण्णहा।
परिण्णे, सण्णे।
उवमा ण विज्जति।
अरूवी सत्ता।

96 (आश्चर्य !) कुछ लोग (समतादर्शी की) अनाज्ञा में (भी) तत्परता सहित (होते हैं), कुछ लोग (समतादर्शी की) आज्ञा में (भी) आलसी (होते हैं)। यह तुम्हारे लिए न होवे।

97 (आत्मानुभव की सर्वोच्च अवस्था का वर्णन करने में) सब शब्द लौट आते हैं (तथा) जिसके (आत्मानुभव के) विषय में (कोई) तर्क (कार्यकारी) नहीं होता है। बुद्धि उसके विषय में (कुछ भी) पकड़ने वाली नहीं (होती है)।

(वह) (अवस्था) आभा-(मयी) (होती है), (वह) किसी ठिकाने पर नहीं (होती है), (वह) (केवल) ज्ञाता-द्रष्टा (अवस्था) (होती है)।

(वह) (अवस्था) न बड़ी (है), न छोटी (है), न गोल (है), न त्रिकोण (है) न चतुष्कोण (है) और न परिमण्डल (है)। (वह) न काली (है), न नीली (है), न लाल (है), न पीली (है), (और) न सफेद (है)।

(वह) न सुगन्धमयी (है) (और) न दुर्गन्धमयी (है)।

(वह) न तीखी (है), न कडुवी (है), न कषैली (है), न खट्टी (है), (और) न मीठी (है)।

(वह) न कठोर (है), न कोमल (है), न भारी (है), न हलकी (है), न ठण्डी (है), न गर्म (है), न चिकनी (है) (और) न रूखी (है)।

(वह) न लेश्यावान् (है), (वह) न उत्पन्न होने वाली (है), (उसके) (वहां) (कोई) आसक्ति नहीं (है)।

(वह) न स्त्री (है), न पुरुष और न इसके विपरीत (न नपुंसक)।

(वह) (शुद्ध आत्मा) ज्ञाता (है), अमूर्च्छित (होश में आया हुआ) (है)।

अपदस्स पदं णत्थि ।
से ण सद्दे, ण रूवे, ण गंधे, ण रसे, ण फासे, इच्चेतावंति त्ति बेमि ।

98 संति पाणा अंधा तमंसि वियाहिता ।
पाणा पाणे किलेसंति ।
बहुदुक्खा हु जंतवो ।
सत्ता कामेहिं माणवा । अबलेण वहं गच्छंति सरीरेण पभंगुरेण ।

99 आणाए मामगं धम्मं ।

100 जहा से दीवे असंदीणे एवं से धम्मे आरियपदेसिए ।

(उसके लिए) (कोई) तुलना नहीं है। (वह) एक अमूर्तिक सत्ता (है)। (उस) पदातीत के लिए (कोई) नाम नहीं (है)।
(वह) (शुद्ध आत्मा) न शब्द (है), न रूप (है), न गंध (है), न रस (है), न स्पर्श (है)।
बस इतने ही (वर्णनों) को (तुम) (जानलो) (काफी है)। इस प्रकार (मैं) कहता हूँ।

98 (जो) प्राणी (मूर्च्छारूपी) अंधकार में रहते हैं (वे) अन्ध (ज्ञान रहित) कहे गये (हैं)। प्राणी प्राणियों को दुःख देते हैं। निस्सन्देह प्राणी बहुत दुःखी (हैं)। मनुष्य इच्छाओं में आसक्त (होते हैं)। (इसलिए) निर्बल और अत्यन्त नाशवान् शरीर के होने पर (भी) (मनुष्य) (इच्छाओं की पूर्ति के लिए) (प्राणियों की) हिंसा करते हैं।

99 (आध्यात्मिक रहस्यों में प्रगति के लिए) (समतादर्शी की) आज्ञा में (चलना) मेरा कर्त्तव्य (है)।

या

मेरे धर्म को (जानकर) (ही) (तुम) (मेरी) आज्ञा को (मानो)।

या

मेरा (समतादर्शी का) धर्म (समतादर्शी की) (मेरी) आज्ञा में (ही निहित है)।

100 जैसे असंदीन (पानी में न डूबा हुआ) द्वीप (कष्ट में फंसे हुए समुद्र-यात्रियों के लिए) (आश्रय) (होता है), इसी प्रकार समतादर्शी के द्वारा प्रतिपादित धर्म (दुःख में फंसे हुए प्राणियों के लिए आश्रय होता है)।

101 दयं लोगस्स जाणित्ता पाईणं पडीणं दाहिणं उदीणं आइक्खे-
विभए किट्टे वेदवी ।

102 गामे अदुवा रण्णे, णेव गामे णेव रण्णे, धम्ममायाणह पवेदितं
माहणेण मतिमया ।

103 अहासुतं वदिस्सामि जहा से समणे भगवं उट्ठाय ।
